नगर संस्करण

# गुड इवनिंग

सांध्य दैनिक

इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, सोमवार, 28 जुलाई 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 09 ■ अंक : 130

www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com



पेज-6 कालीसिंध पुल पर हुए गड्ढे, खतरे में राहगीर





साबु का रजिस्टर्ड लोगो – उत्तम स्वाद संग स्वास्थ्य की पहचान !

सात्विक, पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन विधियाँ बनाएँ- More than 250 Recipes

सही और प्रामाणिक खरीदारी हेतु पैकेट पर लोगो देख कर ही खरीदें

हमारे वीडियो चैनल https://youtube.com/c/SABUTRADE पर करीब 250 से उपर साबु उत्पादों से बनी विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन विधियों में से चुनें और स्वयं बना कर आनंद लें !

For distribution in unrepresented areas, contact: 9442605753 or Mail: sabutrade@sabuindia.com

For more information please visit https://sachamoti.net

For online purchase visit https://sabuonline.com

सच्चासाबु एगमार्क साबुदाना

सच्चामोती एगमार्क साबुदाना

चक्र एगमार्क साबुदाना

साबु ट्रेड, सेलम के उत्कृष्ट स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद



सच्चामोती एगमार्क साबुदाना | सच्चासाबु साबु-पापड़ (3 वैरायटी में) | सच्चासाबु ग्लुटेनमुक्त पोषक फरियाली आटा | कुकरीजॉकी श्रीधान्य (मीलेट) | अल्पाहार मखाना (फॉक्सनट) | अल्पाहार एगमार्क सेलम हल्दी पाउडर



## Short News

### पंजाब : नहर में गिरी श्रद्धालुओं से भरी पिकअप, तीन की मौत



**खन्ना (पंजाब)।** खन्ना के दोराहा में रविवार रात मलौद में जगेड़ा पुल के पास एक पिकअप जीप नहर में गिर गई। हादसे में एक महिला और दो बच्चों समेत तीन श्रद्धालुओं की मौत की सूचना है। तीन लोग लापता हैं। बताया जा रहा है कि गाड़ी में लगभग 20 श्रद्धालु थे। बाकी लोगों को बचा लिया गया है। जानकारी के अनुसार, सभी श्रद्धालु हिमाचल प्रदेश के माता नैना देवी मंदिर से दर्शन के बाद लौट रहे थे। गाड़ी के नहर में गिरने की सूचना मिलने पर पुलिस ने आस पास के लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस के अनुसार, नहर से ज्यादातर श्रद्धालुओं को बचा लिया गया है। दो बच्चों समेत तीन शव बरामद हुए हैं। तीन लोग पानी में बह गए हैं, बचाव अभियान जारी है।

### गिरावट के साथ खुले शेयर बाजार



**नई दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आज शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। संसेक्स और निफ्टी में सूचीबद्ध अधिकांश कंपनियों के शेयर लाल निशान में खुले। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के संवेदी सूचकांक संसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (ठरए) के निफ्टी की कंपनियों के शेयरों में मामूली गिरावट देखी गई। सोमवार को शुरूआती कारोबार में संसेक्स 369.58 अंक गिरकर 81,093.51 पर खुला, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 104.3 अंक गिरकर 24,732.70 पर खुला। इसके अलावा शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे बढ़कर 86.43 पर पहुंच गया।

### बिहार के डिप्टी सीएम को धमकी- '24 घंटे में गोली मार दूंगा'

**पटना।** बिहार की राजनीति में उस वक्त हलचल मच गई जब राज्य के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी मिली। एक अज्ञात नंबर से भेजे गए इस धमकी भरे मैसेज में लिखा था- 24 घंटे के भीतर गोली मार दूंगा। इसके बाद राज्य का प्रशासन अलर्ट पर है। यह धमकी भरा मैसेज उनके एक समर्थक को अज्ञात नंबर से भेजा गया था।

# कुबेरेश्वर धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़, सवा लाख लोगों ने किया अभिषेक

**गुड इवनिंग, भोपाल**

सीहोर स्थित कुबेरेश्वरधाम में सावन के तीसरे सोमवार से पहले रविवार को सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगीं। शहर के सीवन घाट से सुबह 7 बजे विठलेश सेवा समिति की ओर से विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों के हजारों भक्तों ने भाग लिया। कुबेरेश्वरधाम पहुंचने पर कांवड़ यात्रा का स्वागत कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने किया। उन्होंने भक्तों से कहा, कांवड़ यात्रा में आपके पैर नहीं, आपका विश्वास चलता है। करीब 11 किमी की यह यात्रा, बारिश और कठिनाइयों के बावजूद,



श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और संकल्प के साथ तय की। धाम पर दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और श्रद्धालु 'बम बम भोले' के जयघोष के साथ घंटों कतार में खड़े होकर दर्शन का लाभ लेते रहे। उधर, सीवन नदी के तट से बड़ी संख्या में डाक कांवड़ यात्रा भी रवाना हुई।

उत्तर प्रदेश से आए दो दर्जन से अधिक युवाओं ने दौड़ते हुए बाबा के लिए जल चढ़ाने की अनूठी परंपरा निभाई। डाक कांवड़ के हर ग्रुप में 20 से 25 युवा कांवड़िए होते हैं। हर कांवड़िया अपनी बारी आने पर 100 से 150 मीटर की दूरी दौड़ता है। पूरा दल लगभग 18 से 22 किमी की यात्रा तय करता है। पूरे समय यह ध्यान रखा जाता है कि कांवड़ भूमि से स्पर्श न करे और खंडित न हो।

## मध्य प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र आज से, हंगामेदार सत्र के आसार

# ओबीसी आरक्षण पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

**गुड इवनिंग, भोपाल**

**मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। पहले ही दिन ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरने की तैयारी में है। इसके चलते सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। उधर, सरकार ने भी कांग्रेस के संभावित आरोपों का जवाब देने के लिए तैयारी की है। यह सत्र 8 अगस्त तक चलेगा और कुल 10 बैठकें प्रस्तावित हैं।**

सत्र के एक दिन पहले कांग्रेस ने विधायक दल की बैठक आयोजित की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पार्टी भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार, विभिन्न घोटालों, आदिवासी, किसान, दलित, महिला और युवा वर्ग से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ रोजगार के सवालों पर भी घेरने की रणनीति अपनाएगी। विधानसभा की कार्यवाही की शुरुआत में दिवंगत नेताओं, प्रसिद्ध कलाकारों, पहलगाम हमले में मृतक और अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके पश्चात प्रश्नोत्तर काल चलेगा। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, डॉ. राजेंद्र शुक्ल, कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य मंत्री अपने-अपने विभागों की अधिसूचनाएं पटल पर रखेंगे।



### रिकॉर्ड संख्या में पूछे गए प्रश्न

इस बार विधायकों द्वारा कुल 3377 प्रश्न लगाए गए हैं, जिनमें से 2000 से अधिक प्रश्न ऑनलाइन माध्यम से तथा 1301 प्रश्न ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत किए गए हैं। 12 दिनों के इस सत्र में 10 बैठकें होंगी, जिनमें 226 ध्यानाकर्षण सूचनाएं, 23 अशासकीय संकल्प और शून्यकाल की 65 सूचनाएं विधायकों द्वारा दी गई हैं।

**ध्यानाकर्षण में उठेंगे स्थानीय मुद्दे :** ध्यानाकर्षण सूचना के तहत वरिष्ठ विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा नर्मदापुरम जिले के इटारसी में न्यास कॉलोनी की अधिगृहित भूमि पर मुआवजा न मिलने का मुद्दा उठाएंगे। वहीं कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल धार जिले के सरदारपुर में उदीयमान फुटबॉल खिलाड़ियों को सुविधाओं की कमी का विषय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री के समक्ष रखेंगे।

**प्रतिबंध के बावजूद माहौल गरमाने की संभावना :** विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन, नारेबाजी और असंयमित आचरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद कांग्रेस और ओबीसी संगठनों द्वारा प्रस्तावित आंदोलनों को देखते हुए सत्र के दौरान सदन के भीतर और बाहर माहौल गरम रहने की संभावना है।

# आज 'ऑपरेशन सिंदूर' पर होगी लोकसभा में 16 घंटे की बहस



**नई दिल्ली, एजेंसी**

संसद के मानसून सत्र की शुरूआत तो 21 जुलाई को हुई थी लेकिन विपक्ष के लगातार हंगामे की वजह से दोनों सदन पिछले हफ्ते सुचारू रूप से चल नहीं पाए। आज काफी अहम दिन है कि क्योंकि लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर 16 घंटे चर्चा होगी, इसके बाद मंगलवार को राज्यसभा में भी इतनी ही देर तक इस विषय पर चर्चा की जाएगी। यह बहस दोपहर 12 बजे से शुरू होगी, जिसमें सबसे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपना पक्ष रखेंगे। आपको बता दें कि 'ऑपरेशन सिंदूर' , 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की सैन्य कार्रवाई थी। हमले में 26 लोगों की जान गई थी और जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों को निशाना बनाया गया था।

बहस के दौरान पीएम मोदी भी अपना पक्ष रख सकते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विपक्षी दल इस पर समर्पित बहस की मांग कर रहे हैं, जबकि भाजपा का कहना है कि चर्चा हमेशा से योजनाबद्ध थी लेकिन प्रक्रियात्मक व्यवधानों के कारण इसमें देरी हुई। विपक्षी नेताओं ने 22 अप्रैल के आतंकी हमले को खुफिया विफलताओं से जोड़ा है। उन्होंने सरकार की आलोचना करते हुए ट्रंप के सीजफायर के दावों की सच्चाई के स्पष्टीकरण की मांग की है। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की है कि भारत ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने में 'एक नया मानदंड' स्थापित किया है और वह आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों दोनों के साथ समान व्यवहार करेगा। आज की बहुप्रतीक्षित बहस पर सदन में पीएम मोदी विपक्ष पर तीखा हमला कर सकते हैं। हालांकि, इस घटनाक्रम की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। राजनाथ सिंह के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर और निशिकांत दुबे के इस चर्चा में भाग लेने की उम्मीद है। इस बीच कांग्रेस ने अपने लोकसभा सांसदों के लिए एक व्हिप जारी किया है, जिसमें उन्हें सोमवार से तीन दिनों तक सदन में उपस्थित रहने को कहा गया है। कांग्रेस द्वारा जारी व्हिप के अनुसार, सांसदों को अनिवार्य रूप से सदन में उपस्थित रहना होगा।

### 32 दिनों में 21 बैठकें शामिल

मानसून सत्र में 21 जुलाई से 21 अगस्त तक 32 दिनों में 21 बैठकें शामिल हैं। 12 अगस्त को दोनों सदन स्थगित कर दिए जाएंगे और स्वतंत्रता दिवस के बाद 18 अगस्त को फिर से शुरू होंगे।

## मध्य प्रदेश के 10 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट


# मौसम : आज 8 इंच तक हो सकती है बारिश

**गुड इवनिंग, भोपाल/इंदौर**

मध्य प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने की वजह से लगातार तेज बारिश का दौर चल रहा है। कई जिलों में तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर है। कई डैम ओवरफ्लो हो गए। रविवार को भोपाल, इंदौर समेत 30 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश का दौर रहा। अगले 3 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। भोपाल में सुबह से बारिश हो रही है।

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि रविवार को प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में लो प्रेशर एरिया (कम दवाब का क्षेत्र) एक्टिव रहा। वहीं, दो ट्रफ की एक्टिविटी भी देखने को मिली। इस वजह से अति भारी या भारी बारिश का दौर बना रहा। अगले 2-3 दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। यानी, जुलाई की विदाई भी भारी बारिश के साथ होगी।

आज इन जिलों भारी बारिश का अलर्ट



इंदौर। शहर में देर रात से सुबह तक रिमझिम का दौर चलता रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, निवाड़ी और टीकमगढ़ में अति भारी बारिश का अलर्ट है। अगले 24 घंटे में यहां साढ़े 8 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, खंडवा, हरदा, विदिशा, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और छतरपुर में भारी बारिश हो सकती है।

**अब तक औसत 24.9 इंच बारिश हुई :** मध्यप्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक औसत 24.9 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 16 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से करीब 9 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। प्रदेश के ग्वालियर, शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना, श्योपुर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में बारिश का कोटा पूरा हो गया है। यहां सामान्य से 37% तक ज्यादा पानी गिर चुका है। टीकमगढ़-निवाड़ी में सबसे ज्यादा 42 इंच बारिश हुई है, जबकि इंदौर में 10 इंच पानी भी नहीं गिरा है। उज्जैन की तस्वीर भी ठीक नहीं है। वहीं, भोपाल और जबलपुर में सीजन की आधी बारिश हुई है।


विश्व स्तरीय न्यूरो एवं आर्थो रिहैब विशेषज्ञ उपलब्ध है

SDPC INDORE

पैरालिसिस, पैराप्लेजिया, स्पाइन कोर्ड इंजुरी और फूट ड्रॉप जैसी समस्या का समाधान भी संभव है।

न्यूरो, आर्थो केसेस के लिये सेंट्रल इंडिया का मोस्ट एडवांस एवं हाईटेक क्लिनिक

PHYSIOTHERAPY
CHIROPRACTIC
OSTEOPATHY

Cervical Pain | Shoulder Pain | Back Pain | Neuro



Back Pain/Cervical Pain | Shoulder Pain | Neuro



Dr Mahesh Sahu (PT)
M.P.T. (Neuro), FOMT (Australia) Chiropractic (Sweden) FDM (Germany)

ब्रांच 1: 584-C, खातीवाला टैंक, ब्रीलियंट स्कूल के पास, इंदौर

ब्रांच 2: 110, MR-6, महालक्ष्मी नगर, इंदौर फोन: 07314976163

FOR APPOINTMENT CALL : 7047971841, 7400622477

# श्री परिवार का मनोरथ उत्सव 21 अगस्त से

गुड इवनिंग, इंदौर

बहुप्रतीक्षित श्री परिवार का मनोरथ उत्सव एवं श्री मिलन हरिद्वार में 21 से 23 अगस्त तक श्री बाबा साहब बनवारी लखोटिया जी के सानिध्य में किया जा रहा है । कार्यक्रम इस प्रकार है- 21 अगस्त श्री राधारानी जी का मनोरथ, 22 अगस्त श्री महालक्ष्मीजी का मनोरथ, 23 अगस्त शनिवार श्री अष्ट सिद्धि मां जगत जननी पीतांबराजी का मनोरथ एवं पितृ बिदाई एवं अनुष्ठान की पूणार्हुति। सभी कार्यक्रम कल्याण कमल आश्रम भूपतवाला, स्वामी नारायण आश्रम के पास हरिद्वार पर आयोजित होंगे। मां पीतांबराजी के मनोरथ उत्सव में पुरुष पीला कुर्ता, पीली धोती, महिलाएं पीली साड़ी धारण करेंगी। किसी भी आधुनिक परिधान पहन कर अनुष्ठान स्थल पर नहीं आए इसका विशेष ध्यान रखें । प्रतिदिन के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी- प्रातः 5 बजे गंगा स्नान, गंगा तट पर भगवान शिवजी का सहस्त्र जलाभिषेक एवं पितृ तर्पण । प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक नाश्ता-चाय। प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर सभी स्थापित देवी देवताओं का पूजन, अर्चन, अभिषेक दोपहर 11.30 बजे से 1.30 बजे तक भोजन प्रसादी तत्पश्चात विश्राम। दोपहर 3 बजे चाय, दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक श्री बाबासाहेब के मुखारविंद से सुंदर सोपान पाठ एवं आख्यासायः 5 बजे से 7 बजे तक हवन, शाम 7.30 बजे से 8.30 बजे तक मनोरथ उत्सव, रात्रि 9.30 बजे से 10 बजे तक आरती रात्रि 10 बजे से भोजन प्रसादी तत्पश्चात विचार-विमर्श एवं रात्रि विश्राम।

# मंदिर में बैठकर मन प्रेम व भक्ति में डूब जाए तो वह पूजा महोत्सव बन जाएगी : परमानंद गिरि

## खंडवा रोड स्थित अखंड परम धाम आश्रम पर चल रहे सत्संग एवं ध्यान योग शिविर का समापन, हजारों भक्तों ने किया गुरु पूजन

गुड इवनिंग, इंदौर





रास्ता भले ही कठिन हो, लेकिन चलना बंद नहीं करना चाहिए। चींटी थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़कर अपनी मंजिल तक पहुंच ही जाती है। देहाभिमान सबसे बड़ी समस्या है। परमात्मा का ज्ञान लेते समय भी देहाभिमान खत्म नहीं होता। अंतःकरण से देहाभिमान जाएगा, तभी परमात्मा का वृहद ज्ञान अंदर आएगा। गुरू पूजा भी भगवान की पूजा है। मंदिर में बैठकर हमारा मन प्रेम और भक्ति में डूब जाए तो वह पूजा महोत्सव बन जाएगी। महोत्सव श्रद्धा और विश्वास से ही ऊजार्वान बनेगा। मन की एकाग्रता हर क्षेत्र में जरूरी है। मन की तरंगों को स्थिर बनाने के लिए गुरू का मार्गदर्शन अपरिहार्य होता है।

रामजन्म भूमि मंदिर न्यास अयोध्या के प्रमुख न्यासी एवं युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज ने रविवार को खंडवा रोड स्थित अखंड परम धाम आश्रम पर चल रहे सात दिवसीय 29वें ध्यान एवं योग शिविर के समापन प्रसंग पर उपस्थित भक्तों को आशीर्वचन देते हुए उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर देश-विदेश से आए शिष्यों और भक्तों ने गुरू पूर्णिमा महोत्सव के तहत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पाद पूजन भी किया और नाचते-गाते हुए अपने सदगुरू के शतायु होने की कामनाएं भी व्यक्त की। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से किशनलाल पाहवा, श्यामलाल मक्कड़, विजय शादीजा, राजेश रामबाबू अग्रवाल, सीए विजय गोयनका, रघुनाथ गनेरीवाल, विष्णु कटारिया, गोविंद सोनेजा, तिलकराज ठक्कर, अरुण गोयल आदि ने गुरूदेव का पूजन किया। संतों की अगवानी सुरेश शाहरा, रामबाबू अग्रवाल, अमरलाल नारंग, निरंजन पुरोहित, मुकेश राजानी, किशोर आर्य, जयकिशन ढींगरा आदि ने की।

गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आज परमानंद सभागृह का मंच फूलों से श्रृंगारित किया गया था, जहां भक्तों ने कतारबद्ध होकर अपने आस्था और श्रद्धा के फूल एवं अन्य उपहार समर्पित किए। युगपुरुष स्वामी परमानंद महाराज ने भी भक्तों को अपनी ओर से आशीर्वाद के साथ उपहार भी भेंट किए। भक्तों द्वारा युगपुरुष के पूजन का यह सिलसिला लगभग दो घंटे तक चलता रहा। सामूहिक आरती के साथ शिविर एवं सत्संग सत्र का समापन हुआ। हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद, महामंडलेश्वर साध्वी दिव्य चेतना गिरि, साध्वी चैतन्य सिंधु एवं योगाचार्य शिवप्रकाश गुप्ता दाऊ सहित अनेक संत-विद्वान भी इस अवसर पर उपस्थित थे, जिन्होंने प्रवचनों के माध्यम से गुरू की महत्ता भी बताई और साधकों को योग एवं ध्यान के सूत्र भी बताए। संचालन राजेश रामबाबू अग्रवाल ने किया और आभार माना समन्वयक विजय शादीजा ने । अपने आशीर्वचन में युगपुरुष ने कहा कि हम लोग किसी भी क्षेत्र में थोड़ी सी ही खुशी मिल जाने पर आनंद मनाते हैं, यह अच्छी बात है, लेकिन उस आनंद में हमें अपने धर्म और संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। भक्ति गीत पर नाच-गाना आनंद का प्रतीक है, लेकिन केवल नाच-गाना ही करते रहेंगे तो मूल लक्ष्य से भटक जाएंगे। हमारी वाणी में प्रेम और माधुर्य का भाव होना चाहिए। वाणी के उच्चारण से ही पता चल जाता है कि हमारी वाणी कितनी मधुर या कर्कश है। हमेशा कोशिश करें कि मीठा बोलें और अपनी वाणी से दूसरों को अपना बनाने की दिशा में प्रयास करें। क्रोध से बचकर रहेंगे तो अनेक रिश्ते बचा लेंगे। क्रोध हमारे बहुत सारे रिश्तों को खराब कर देता है। प्रवचनों की अमृत वर्षा के बाद युगपुरुष को भक्तों ने मार्ग के दोनों और खड़े रहकर पुष्प वर्षा के बीच उज्जैन के लिए विदाई दी। करीब पांच हजार भक्तों ने गुरू प्रसाद का पुण्य लाभ उठाया।

# भोले मित्र ने निकाली भव्य कावड़ यात्रा



गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में भव्य मातृ शक्ति कावड़ यात्रा निकाली गई। जिसमें शिवभक्तों का उमड़ा जनसैलाब। सावन मास के पावन अवसर पर जय भोले मित्र मंडल द्वारा तीसरे वर्ष भी भव्य मातृ शक्ति कावड़ यात्रा का आयोजन पूरे भक्तिभाव और उत्साह के साथ किया गया। यह यात्रा मनकामेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर वैष्णो धाम मंदिर और चमत्कारी शिव मंदिर होते हुए भूतेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली गई। यात्रा में बैंड-बाजे, घोड़े-बग्गी और सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति शामिल रही। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में, शिव नाम के जयघोष के साथ पूरे मार्ग में ऊर्जा और आस्था का प्रतीक बनी रहीं। अज्जू यादव भोले ने बताया कि यह यात्रा श्रद्धा और अनुशासन का अनुपम उदाहरण रही। यात्रा में हातोद से पंडित शुभम दुबे, राजेश सोलंकी, मुकेश माहेश्वरी सहित जय भोले मित्र मंडल के कई कार्यकर्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की सफलता में सक्रिय भागीदारी निभाई। यात्रा के समापन पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक भव्य भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# कावड़ यात्रा निकाल कर किया भोलेनाथ का जलाभिषेक



गुड इवनिंग, इंदौर

संस्था दक्ष व्दारा एक छोटी सी यात्रा के माध्यम से मातृशक्ति व्दारा जलाभिषेक कावड़ यात्रा से आज भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। आज कि इस यात्रा में मुख्य संरक्षक युवा नेता शिव भक्त आकाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, संत श्री दादू महाराज, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अशोक चौहान,नगर महामंत्री संदीप दुबे, निरंजन सिंह चौहान, पार्षद संध्या यादव, वरिष्ठ नेता जयदीप जैन, गोविंद सिंह पंवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय बिजवा, मण्डल अध्यक्ष सावन वर्मा, गगन यादव, चंदन सिंह बेस, टीटू मालू ,सन्नी तिवारी, प्रेम विजयवर्गीय, प्रिय भाई पंकज शर्मा, विश्व हिंदू परिषद मोहन बामनिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लाल, राजेश शुक्ला यात्रा में मौजूद रहे।

## गीता भवन में शिवजी का रुद्राभिषेक

**इंदौर।** श्रावण के तीसरे सोमवार को गीता भवन में आचार्य पं. कल्याण दत्त शास्त्री सहित पांच विद्वानों के निर्देशन में बिल्व-पत्र एवं फूलों से भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक किया जाएगा। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, मनोहर बाहेती, प्रेमचंद गोयल सहित ट्रस्ट मंडल के सदस्यों की मौजूदगी में सभी देवालयों का मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। । गीता भवन में चातुर्मास के दौरान 31 जुलाई तक गोधरा की साध्वी परमानंदा सरस्वती के प्रवचन प्रतिदिन सुबह 9.30 से 10.30 एवं संध्या 5.30 से 6.30 बजे तक हो रहे हैं।

# लड्डू गोपाल के दर्शनार्थ अग्रवाल नगर में उमड़ रहे श्रद्धालु

## सिवनी मालवा से सुबह इंदौर आए बाल स्वरूप ने चाय और दूध पान के बाद भक्तों को दिए दर्शन, आज लगाएंगे 56 भोग

गुड इवनिंग, इंदौर



लंबी प्रतीक्षा के बाद सिवनी के प्रख्यात लाड़ले बाल रूप श्रीकृष्ण अर्थात लड्डू गोपाल रविवार सुबह सिवनी से अग्रवाल नगर स्थित सिंघल निवास पर पूरे लवाजमे के साथ पहुंचे तो सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उनकी अगवानी की।

वरिष्ठ समाजसेवी विनोद-नीना अग्रवाल ने गोविंद संतोष सिंघल एवं संतोष-उर्मिला गोयल के साथ लड्डू गोपाल की चाय-दूध सेवा की क्रिया संपन्न की और लड्डू गोपाल का अभिषेक-पूजन भी किया। सिंघल निवास पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही, जिनमें कुछ ऐसे भक्त भी शामिल थे, जिनके यहां पूर्व में भी लड्डू गोपाल रह चुके हैं। उनकी मान्यता भी यही है कि प्रतिमा होने के बावजूद लड्डू गोपाल को जब गोद में लिया जाता है तो लगता है कि उनके अंदर से तरंगें निकल रही हैं, जो स्पष्ट महसूस होती है। सिंघल निवास पर लड्डू गोपाल 29 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह-शाम दर्शन देंगे। कार्यक्रम के सूत्रधार अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविंद-संतोष सिंघल ने बताया कि इस दौरान लड्डू गोपालजी की विशेष सेवा, भोग, श्रृंगार एवं दर्शन जैसे आयोजन होंगे। आज शाम को भजन गायक संदीप वैष्णव द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति के बीच सैकड़ों भक्तों ने लड्डू गोपाल की गोद सेवा का पुण्य लाभ उठाया। पुराने भक्तों का दावा है कि ये वही लड्डू गोपाल हैं, जो एक समय नन्हें रूप में प्रकट हुए और फिर भक्तों के भाव तथा सेवा से प्रसन्न होकर तिल-तिल करके अपना आकार बढ़ाते चले गए। इस बार भी जिन भक्तों ने इनकी गोद सेवा की, उन्हें भी यह अनुभूति हुई। इनमें इंदौर के गोयल परिवार के किशोर गोयल और उनके परिजन भी शामिल हैं, जिनके यहां लड्डू गोपाल पहले भी पधार चुके हैं। उनका अनुभव है कि लड्डू गोपाल को नन्हें शिशु की तरह रखना होता है और उनकी पूरी दिनचर्या अबोध शिशु की तरह ही निभाना होती है। वे दूध भी पीते हैं और बच्चे की तरह अन्य नैसर्गिक क्रियाएं भी करते हैं। मान्यता है कि वे जहां रहते हैं, वह स्थान वृंदावन बन जाता है, जहां भक्ति की सुगंध, भजन की गूंज और प्रेम की भावना निरंतर प्रवाहमान बनी रहती है। अग्रवाल नगर स्थित सिंघल निवास पर आने वाले भक्तों से आग्रह किया गया है कि वे लड्डू गोपाल को स्पर्श किए बिना अपने मन के पवित्र भावों से उनके हृदय को छूकर स्वयं के जीवन को धन्य बनाएं और उनकी अदभुत लीला को स्वयं अनुभूत करें। आज लड्डू गोपाल को 56 भोग समर्पित किए जाएंगे तथा 29 जुलाई को झूला महोत्सव के पश्चात उनके साथ फूलों की होली भी खेली जाएगी।

## राऊ क्षेत्र से आए पांच सौ से ज्यादा शिवभक्त, फूलों से किया स्वागत

गुड इवनिंग, इंदौर

सावन सेवा शिविर रविवार को एक बार फिर भक्ति और भावुकता का केंद्र बना। वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन द्वारा आयोजित इस शिविर में सुबह से ही कांवड़ यात्रियों की कतारें लगी रहीं। थकी हुई आंखें, नंगे पांव, कांधों पर गंगाजल और चेहरों पर अडिग श्रद्धा ये सिर्फ तस्वीरें नहीं थीं, बलकि शिवभक्ति की जीवंत झलक थी।

27 जुलाई को राऊ क्षेत्र के 500 से ज्यादा शिवभक्त शिविर में पहुंचे, शिविर में इनका स्वागत फूलों की वर्षा, फलाहार और अन्य सत्कार से किया गया, जिसमें फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल, गणपतसिंग गौड़, खैमराज बरोड और भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मनस्वी पाटीदार जैसे प्रमुख व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस कावड़ यात्रा मे विजय पाटीदार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राऊ, शिव दिंगूर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आदि मौजूद थे।

शिविर में पहुंचते ही भक्तों को शुद्ध फलाहार, ठंडा पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा मिली। इस पूरे आयोजन की धुरी हैं वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल, जिनकी निगरानी और प्रेरणा से यह सेवा कार्य दिन-ब-दिन और भी जीवंत होता जा रहा है। शिविर में न कोई मंचीय भाषण, न दिखावे की भीड़ यहां सिर्फ सेवा है, श्रद्धा है और एक मूक प्रण है कि जब तक सावन है, तब तक हर शिवभक्त का स्वागत सत्कार यहां किया जाएगा।

### झूला महोत्सव का शुभारंभ

# हंसदास मठ पर लड्‌ड गोपाल झूले में हुए विराजित



गुड इवनिंग, इंदौर

एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रावण मास के उपलक्ष्य में परंपरागत झूला महोत्सव का शुभारंभ हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में हुआ। हंसदास संस्कृत विद्यापीठ के वैदपाठी विद्वानों द्वारा गोपाल सहस्त्रनाम के पाठ से पूजा-अर्चना के बीच लड्डू गोपाल को झूले में विराजित किया गया। मठ के पं. अमित दास ने बताया कि यह महोत्सव श्रावण मास की पूर्णिमा रक्षाबंधन तक चलेगा। इस दौरान लड्डू गोपाल को बाल स्वरूप में वेद ध्वनि के बीच नियमित झूला झुलाया जाएगा। आम श्रद्धालु भी यहां आकर झूला महोत्सव में भाग ले सकेंगे।

आज पहले दिन ही सैकड़ों भक्तों ने मठ पर आकर झूला महोत्सव का पुण्य लाभ उठाया। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को आज सायं 6 बजे से हंसेश्वर महादेव का मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। मठ पर विद्वान आचार्यों द्वारा महामृत्युंजय महामंत्र जाप, अभिषेक, पूजन के अनुष्ठान भी श्रावण के पहले दिन से किए जा रहे हैं। मठ स्थित सभी देवालयों का नियमित आकर्षक श्रृंगार भी किया जा रहा है।

### पुलिस अधिकारी राजेश दंडोतिया ने साइबर क्राइम का पढ़ाया पाठ

# शहर स्किल डेवलपमेंट का समग्र केंद्र बनेगाः सांसद

गुड इवनिंग, इंदौर

**दृष्टि बाधित दिव्यांगों का कौशल विकास कार्यक्रम, स्किल डेवलपमेंट शिविर देश के युवा का विकास, परोक्ष रूप में देश का विकास है, नरेंद्र मोदी के विजन को सही रूप में दृष्टि देने का काम हो रहा है।**



यह हमारे इंदौर का सदा नंबर वन बनने के और नंबर वन रहने के जुनून का ,सौभाग्य का कार्य है, जो महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन मिसो के द्वारा इंदौर को प्रथम बार मध्यप्रदेश की धरती पर चुना गया। यह बात स्कील डेवलपमेंट के कार्यक्रम में कही। स्वागत समन्वयक अरुण कुमार जैन ने किया। दूसरे कार्यक्रम में एडिशनल कमिश्नर पुलिस क्राइम राजेश दंडोतिया ने बच्चों को गुड टच, बेड टच और ड्रग के विरुद्ध जन आवाज बनने का आव्हान किया और देश भक्ति की अलख जगाए रखने का संदेश दिया। संस्था अध्यक्ष पुष्प जैन ने स्वागत किया और स्मृति चिन्ह हुल्लास बेताला ने भेंट दिया।

कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अरुण कुमार जैन ने माना। दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लोकेश कावड़िया जी महामंत्री के मित्र मंडल ने उनका स्वागत किया। उनके कार्यों की और संस्था की गतिविधियों की महती प्रशंसा की।

**विधायकों का स्वागत..**





फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास नंदा नगर पर इंदौर संभाग के प्रभारी राघवेंद्र गौतम, सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित कई जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत कर अभिनंदन किया। गौरतलब है कि हर वर्ष मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के विधायकों को स्नेह भोज पर आमंत्रित करत हैं।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दी सौगात

# वार्ड-15 में तीन करोड़ की लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन

**गुड इवनिंग, इंदौर**

*नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रविवार को इंदौर विधानसभा क्षेत्र-एक के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-15 में तीन करोड़ की लागत से कराए जाने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक-15 में निरंतर हो रहे सामाजिक और विकासात्मक प्रयासों के लिए स्थानीय पार्षद ममता सुभाष सुनेरे की सराहना की जानी चाहिए। राजनीति के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी से समाज में समरसता आती है। माताएं-बहनें सशक्त बने, आर्थिक रूप से संपन्न बने इसके लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से जुड़कर सहभागीता करनी चाहिए।*



**पौधरोपण शिवलोक की स्थापना के समान है**-इस अवसर पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि क्षेत्र में आज से एक हजार पौधे और लगातार 11 दिनों तक एक-एक हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस तरह 11 हजार पौधे पार्षद ममता सुभाष सुनेर के नेतृत्व में लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी मां के साथ एक पेड़ जरूरी लगाए। पेड़ जब बड़ा हो जाएगा और उसकी छाया में बैठे तो आपको यह एहसास होगा की हम मां की छाया में ही बैठे हैं। उन्होंने कहा कि सावन के महीने में एक पेड़ लगाना एक शिव मंदिर के निर्माण के समान है। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आगे कहा कि पेड़ कार्बन डाई ऑक्साइड रूपी हानिकारक गैसों को ग्रहण करते हैं और अमृत रूपी ऑक्सीजन हमें प्रदान करते हैं।

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर शहर को हरा-भरा बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें बच्चों को विरासत के रूप में यह हरियाली देकर जाना है। यह संपत्ति सोने-चांदी से भी महंगी है। मुझे गर्व है कि इंदौर में पौधरोपण के लिए जागृति है। पीएम मोदीजी के मन की बात कार्यक्रम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, हमारी विरासत महान है। यूनेस्कों ने हमारे कई किलों को विश्व विरासत सूची में जगह दी है। हमारे किले-महल अनुसंधान के केंद्र है। उस समय इनको बनाने में शुद्ध वायु के आवागमन का ख्याल रखा जाता था इसलिए ये किले हजार साल पहले बगैर ऐसी के शीतल रहते थे। यह हमारी समृद्ध वैज्ञानिक परंपरा को भी बताते हैं। बड़े-बड़े पत्थर कैसे पहाड़ों पर पहुंचाकर किले बनाए यह रिसर्च का विषय है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और अनुशासित दिनचर्या पर विशेष बल देते हुए माता-बहनों से आग्रह किया कि वे संतुलित आहार, व्यायाम और मोबाइल के सीमित उपयोग की दिशा में सजग रहें। व्यायाम के अभाव और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के कारण आज बच्चों की सेहत पर गंभीर असर हो रहे हैं।

**वैज्ञानिक परंपरा और शोध पर बल**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद अनुसंधान एवं नवाचार को मिली गति का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत और शोध के ही परिणाम है कि हमारी सेना ने मात्र 22 मिनट में दुश्मन देश को जवाब दिया। यह आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी तकनीकों का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे किले और महल केवल स्थापत्य कला का प्रतीक नहीं, बल्कि प्राचीन भारत की वैज्ञानिक उन्नति के केंद्र रहे हैं, जो आज भी शोध का विषय हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि हमारी प्राचीन भाषा, संस्कृति और वास्तुकला पर शोध की आवश्यकता है।

### सफाई मित्रों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर एक करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से केंद्रीय विद्यालय से बिजासन मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं एक करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से वार्ड के सात स्थानों पर विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर इंदौर को आठवीं बार स्वच्छता का सिरमौर बनाने पर वार्ड-15 की समस्त महिला सफाई मित्रों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया और उपहार स्वरूप साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भी किया गया। वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत भी इसी अवसर पर की गई, जिसमें वार्ड में 11 हजार पौधे लगाए जाने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर पार्षद ममता सुनेरे, बरखा नितिन मालू, अशोक चौहान, गगन यादव, अश्विनी शुक्ला सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन सड़कों पर यातायात को सुगम रखते हुए करें कार्य



**गुड इवनिंग, इंदौर**

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा आज शहर के जल जमाव क्षेत्र के साथ ही निमार्णाधीन सड़कों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डी. आर. लोधी, क्षेत्रीय जोनल अधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

आयुक्त वर्मा द्वारा वर्तमान में वर्षा काल को दृष्टिगत रखते हुए सर्वप्रथम झोन क्रमांक 19 के अंतर्गत स्कीम नंबर 140 में सड़क पर हुए जल जमाव क्षेत्र में जोनल अधिकारी को जल निकासी करने के स्थाई निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात आयुक्त वर्मा द्वारा जोन क्रमांक 22 के अंतर्गत बायपास सर्विस रोड एवं इस्कॉन मंदिर (एडवांस एकेडमी से निपानिया तक) रोड का भी निरीक्षण किया गया तथा जन्माष्टमी के पूर्व उक्त सड़क को मोटरेबल करने के संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि उक्त मार्ग पर आवागमन सुगम हो सके, इसका ध्यान रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# जन्माष्टमी के पहले इस्कॉन मंदिर की सड़क पर शुरू होगा आवागमन

**इंदौर।** नगर निगम आयुक्त ने रविवार को शहर के जल जमाव क्षेत्र के साथ ही निमार्णाधीन सड़कों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, क्षेत्रीय जोनल अधिकारी एवं अन्य मौजूद थे।

आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा वर्तमान में वर्षा काल को ध्यान में रखते हुए सर्वप्रथम जोन क्रमांक 19 के अंतर्गत स्कीम नंबर 140 में सड़क पर हुए जल जमाव क्षेत्र में जोनल अधिकारी को जल निकासी करने के स्थाई निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त श्री वर्मा द्वारा जोन क्रमांक 22 के अंतर्गत बायपास सर्विस रोड एवं इस्कॉन मंदिर पैराडाइस रोड से निपानिया तक) रोड का भी निरीक्षण किया गया तथा इस्कॉन मंदिर रोड को जन्माष्टमी के पूर्व मोटरेबल करने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया ताकि उक्त मार्ग पर आवागमन सुगम हो सके।

# महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम का समापन

**गुड इवनिंग, इंदौर**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निर्देश पर जिले के एकमात्र शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कालेज में एक सप्ताह के इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्राचार्य विजया शिन्दे ने बताया कि 21 से 26 जुलाई 2025 तक यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंडक्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए नव प्रवेशित छात्राओं को विश्वविद्यालय एवं कॉलेज संबंधी संपूर्ण जानकारी से अवगत करवाना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में छात्राओं को विश्वविद्यालय और कॉलेज में संचालित विभिन्न शैक्षणिक, अशैक्षणिक गतिविधियों, शासन की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं, भिन्न-भिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, पाठ्यक्रम और परीक्षा संचालन की जानकारी दी गई। छात्राओं को पावर पाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के स्वरूप एवं इसे पूरा करने के बाद कैरियर संवारने के मिलने वाले अवसरों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. क्षमा गंजीवाले द्वारा सामाजिक कौशल विषय पर अपने विचार व्यक्त किए गए। अनुपमा मोदी, डॉ.धर्मेंद्र गुप्ता, मोहिता तलवार, डॉ.अंशुमान रॉय, डॉ.साविता राठौर, डॉ.सुखलाल सिसोदिया, डॉ.अर्चना चौधरी एवं डॉ.जाग्रति गुप्ता द्वारा भिन्न भिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया गया । कार्यक्रम में पुलिस विभाग के शिवम ठक्कर द्वारा महिला सुरक्षा एवं सायबर सिक्युरिटी विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई।

**आपदा टीम का हौसला बढ़ाया..**



फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आपदा प्रबंधन टीम से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया।

# जीडीपी डबल करने पर सीए और सीएस के साथ सांसद का मंथन

**गुड इवनिंग, इंदौर**

इंदौर की जीडीपी 2030 तक दोगुनी करने के विजन को लेकर सांसद इन दिनों विभिन्न संस्था और विशेषज्ञों से लगातार संवाद कर रहे हैं।

इसी क्रम में उन्होंने शहर के आर्थिक विशेषज्ञों चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, टैक्स प्रैक्टिशनर्स और कंपनी सेक्रेटरीज के साथ टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के आयकर भवन स्थित हॉल में बैठक की, जिसमें जीडीपी बढ़ोत्तरी के लिए नीति, निवेश और साझेदारी जैसे बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। सांसद शंकर लालवानी ने एक सीईओ की तरह प्रेजेंटेशन देते हुए बताया कि इस मिशन की सफलता के लिए प्रोफेशनल संस्थाओं की भागीदारी बेहद आवश्यक है। सांसद श्री लालवानी ने कहा कि इंदौर की रेल, रोड और एयर कनेक्टिविटी को लगातार मजबूत किया जा रहा है ताकि इंडस्ट्री यहां और रफ्तार पकड़े। जीडीपी डबल होने से लोगों की जिंदगी में खुशहाली और तरक्की खुद-ब-खुद नजर आएगी और अगले 5-6 सालों में इंदौर मध्यप्रदेश ही नहीं बलकि देश की तरक्की में सबसे अहम रोल निभाएगा। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की प्रगति को आगे बढ़ाते हुए इंदौर की जीडीपी डबल करने का यह मिशन आर्थिक समावेश, निवेश और उद्यमिता के तीन स्तंभों पर आधारित है। इस प्रयास में शहर की प्रोफेशनल संस्थाओं की भागीदारी निर्णायक भूमिका निभा सकती है। वरिष्ठ अर्थशास्त्री जयंतीलाल भंडारी ने कहा कि देश की आर्थिक रीढ़ मजबूत करने में प्रोफेशनल संस्थाओं की भूमिका हमेशा अहम रही है। इंदौर जैसे प्रगतिशील शहर में यदि यह प्रयास नीति और भागीदारी के साथ किया जाए तो यह अन्य शहरों के लिए मॉडल बन सकता है। टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए जयप्रकाश सराफ ने सांसद लालवानी का स्वागत करते हुए कहा कि अब तक देश की जीडीपी की बात होती थी लेकिन पहली बार एक शहर की जीडीपी को दोगुना करने की बात हो रही है, इसके लिए वह सांसद शंकर लालवानी को बधाई देते है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सीए अभय शर्मा ने कहा कि इंदौर के विकास के लिए यह एक अद्भुत पहल है। इस पहल को सही मंजिल तक पहुंचाने के लिए नीतिगत प्रयासों की आवश्यकता है। किसी भी शहर का विकास सिर्फ सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं वरन इसके नागरिकों की भी है इस हेतु एक ऐसा रोड मैप हो जिसमे सरकार एवं नागरिकों की सहभागिता हो। इस रोड मैप की सावधिक समीक्षा हो तथा अधिकारियों की जवाबदेहिता तय की जाए।



## मन की बात : सीएम ने संवाद को दिव्य ऊर्जा और नवसंकल्प से भरने वाला बताया

# मोदी ने की भोपाल की महिलाओं की सराहना

गुड इवनिंग, भोपाल








प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 124वें संस्करण ने एक बार फिर मध्य प्रदेश की प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के वार्ड क्रमांक 50 स्थित शील पब्लिक स्कूल में स्थानीय रहवासियों के साथ कार्यक्रम का श्रवण किया और इस संवाद को दिव्य ऊर्जा और नवसंकल्प से भरने वाला बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भोपाल की सकारात्मक सोच नामक महिला टीम और बुंदेलखंड के ऐतिहासिक किलों की सराहना केवल प्रेरणा ही नहीं देती, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक चेतना का सम्मान भी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सार्वजनिक सराहना न केवल उत्साह बढ़ाती है, बल्कि आमजन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित भी करती है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विशेष रूप से भोपाल की 200 महिलाओं की टीम सकारात्मक सोच का उल्लेख किया जो सफाई कार्य के साथ-साथ सामाजिक चेतना का संदेश देती है। उन्होंने बताया कि यह टीम न केवल 17 पार्कों की सफाई करती है बल्कि कपड़े के थैले बांटकर प्लास्टिक मुक्त अभियान को भी आगे बढ़ा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड के ग्वालियर, झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढकुंडार और चंदेरी के किलों को भारत की संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक बताया और देशवासियों से इनके भ्रमण का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम आज देशवासियों से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम बन गया है। इससे देशभर में चल रहे प्रेरक अभियानों की जानकारी मिलती है, जो राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने उदाहरण दिया कि असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में पक्षियों की गणना और गुप्त गोदावरी में स्वच्छता अभियान जैसी जानकारियां इसी कार्यक्रम से सामने आती हैं। डॉ. यादव ने भोपाल के समीप स्थित रातापानी टाइगर रिजर्व की भी चर्चा की और बताया कि इसे डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि नगरीय सीमा से मात्र 15 किमी दूरी पर स्थित यह अभयारण्य वन्य जीव और मानव के सह-अस्तित्व का जीवंत उदाहरण है। यह स्थान वसुधैव कुटुंबकम्-की भावना को साकार करता है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि भोपाल सीमा के पास रायसेन जिले में रेल कोच निर्माण इकाई की स्थापना का भूमि पूजन आगामी 10 अगस्त को किया जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने स्थानीय रहवासियों के साथ बरगद का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

---

### अब गुमराह नहीं कर पाएंगे मेडिकल स्टोर संचालक, नोटिस जारी

# डिस्काउंट वाला बोर्ड लगाने पर रद्द होंगे दवा दुकानों के रजिस्ट्रेशन

गुड इवनिंग, भोपाल

*भोपाल समेत प्रदेश भर के दवा दुकानों में अक्सर देखा जाता है कि बाहर दवाओं में छूट के बोर्ड लगे होते हैं, लेकिन जब ग्राहक दवा लेने जाते हैं तो कई कंडीशन बताकर गुमराह किया जाता है। अब प्रदेश में दवा छूट का बोर्ड लगाने वाले दवा दुकान मालिकों के खिलाफ फामेर्सी काउंसिल कार्रवाई करेगी। काउंसिल ने राज्यभर के पंजीकृत फार्मासिस्टों और मेडिकल स्टोर मालिकों को चेतावनी दी है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए छूट और रियायतों का प्रचार करने पर रजिस्ट्रेशन कैंसिल किया जाएगा।*




काउंसिल ने नोटिस जारी कर कहा कि कई मेडिकल स्टोर बोर्ड और सोशल मीडिया के जरिए डिस्काउंट का लालच देकर उपभोक्ताओं को खींच रहे हैं, जो फॉमेर्सी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 के अनुसार अनैतिक और अवैध है। ऐसी गतिविधियों में पकड़े जाने पर फार्मासिस्ट का पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जा सकता है। साथ ही मेडिकल स्टोर पर भी कानूनी कार्रवाई होगी। स्टोर्स संचालकों को डिस्काउंट बोर्ड हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

**अधिनियम 2002 की धारा 4 का उल्लंघन**-फामेर्सी काउंसिल द्वारा जारी नोटिस में कहा है कि बड़े कारोबारी आर्थिक ताकत के दम पर इस तरह के विज्ञापन कर छोटे मेडिकल दुकानदारों के साथ अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा कर रहे हैं। यह प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 की धारा 4 का उल्लंघन है। काउंसिल के अध्यक्ष संजय जैन और रजिस्ट्रार भाव्या त्रिपाठी ने सभी मेडिकल स्टोर्स से कानून का पालन करने और अनैतिक प्रतिस्पर्धा से बचने की अपील की।

#### नकली दवाओं की होती है सप्लाई

भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने कहा कि देखने में आया है कि इस भारी छूट के चलते कई बार नकली दवाओं की सप्लाई बाजार में होती थी। जो मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ था। नए नियम से पारदर्शिता बढ़ेगी और जिसका सीधा फायदा आम लोगों को होगा। वहीं, जो सामान्य डिस्काउंट पहले मिल रहा था, वह जारी रहेगा। इस आदेश से उस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होने कहा कि महाराष्ट्र, पंजाब, गोवा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ और अब जम्मू-कश्मीर की तरह मध्यप्रदेश में भी दवा दुकानों पर डिस्काउंट बोर्ड लगाने वाले फार्मासिस्टों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश जारी किया है। यह केमिस्टों के हित में ऐतिहासिक निर्णय है।

---

# हरदा नगर पालिकाकी लापरवाही चरम पर

### महीनों से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारी बेहाल

गुड इवनिंग, हरदा

नगर पालिका परिषद हरदा के अंतर्गत कार्यरत सैकड़ों कर्मचारी गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। महीनों से समय पर वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों को अपने परिवार चलाने तक के लिए सूदखोरों के पास जाना पड़ रहा है। सफाईकर्मी, ड्राइवर, फिटर, हेल्पर जैसे कर्मचारी जो मुश्किल से 10,000 - 12,000 महीने पाते हैं, अब कर्ज और मानसिक तनाव के दलदल में फँस चुके हैं।

नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने इस मुद्दे को लेकर आज पुनः कलेक्टर महोदय को पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि इससे पहले दिनांक 17 जून 2025 को पत्र क्रमांक 248/2025-26 के माध्यम से इस गंभीर विषय को जिला प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**अमर रोचलानी ने सवाल उठाया कि:-** जब नगर पालिका हर माह लाखों रुपये की वसूली करती है और शासन से भी अनुदान प्राप्त होता है, तो फिर कर्मचारियों को वेतन के लिए क्यों तरसना पड़ता है?

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कर्मचारियों के आर्थिक शोषण के लिए नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी सीधे तौर पर जिम्मेदार है। बार-बार की चेतावनी और पत्राचार के बावजूद वेतन भुगतान के लिए कोई निश्चित तिथि निर्धारित नहीं की गई है।



#### रोचलानी ने प्रशासन से की यह मांग

1. प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान अनिवार्य किया जाए।
2. लंबित वेतन को 7 कार्यदिवसों के भीतर तत्काल दिलाया जाए।
3. भविष्य में देरी की स्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए।

अमर रोचलानी ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन और नगर पालिका कर्मचारियों की इस पीड़ा पर तत्काल संज्ञान नहीं लेते हैं, तो कांग्रेस पार्षद मंडल जनआंदोलन शुरू करने से पीछे नहीं हटेगा।

ज्ञापन सौंपते समय नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी के साथ पिंकू जायसवाल भी उपस्थित थे।

---

## ताम्रकार कसेरा समाज महिला मंडल ने मनाया हरियाली महोत्सव



**हरदा।** ताम्रकार कसेरा समाज की महिला मंडल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की अध्यक्ष वंदना नायक ने कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं बताया की प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी समाज की महिला मंडल द्वारा सचिव वंदना के निवास पर बडे उल्लास के साथ मनाया गया । जिसमे शिव पार्वती जी का सजीव चित्रण किया गया । एवं भजन पर नृत्य किया गया ।एवं समाज की महिला मंडल द्वारा डांस, प्रतियोगिता, गेम आयोजित किया गया । इस अवसर पर प्रतिभा,मंजू, वंदना, ज्योती, सोनम, पुजा, गीता चन्द्रवंशी एवं समिती की समस्त एवं समाज की महिला उपस्थित रही ।

# महिला थाना हरदा ने नशा मुक्ति को लेकर आयोजित किया जन जागरूकता कार्यक्रम

गुड इवनिंग, हरदा

नशा मुक्त समाज की दिशा में एक और सार्थक कदम उठाते हुए महिला थाना हरदा द्वारा जानर को-एजुकेशन स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।




कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महिला थाना प्रभारी टीआई श्रीमती अंजना पाटिल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, नशा हमारे समाज की एक गंभीर सामाजिक बुराई है। इसकी जड़ें युवाओं में गहराई तक जा रही हैं, जिसे हमें मिलकर समाप्त करना होगा। यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति नशे की लत से ग्रसित है, तो उसे समझाना और सही मार्गदर्शन देना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। कार्यक्रम के दौरान, हरदा पुलिस द्वारा निर्मित नशा विरोधी जागरूकता वीडियो भी प्रदर्शित किए गए, जिनमें नशा करने के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। साथ ही, पुलिस महानिदेशक का प्रदेशवासियों के नाम विशेष संदेश भी सुनाया गया, जिसमें उन्होंने युवाओं से नशा न करने की अपील की।

इस अवसर पर महिला थाना स्टाफ से प्र.आर. राजेश कुशवाह आर. होशियार म.आर. विजय लक्ष्मी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ती है और वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में प्रेरित होते हैं।

## सद्भावना मंच ने बलिदान हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि



गुड इवनिंग, हरदा

कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत देश के शूरवीर जांबाज जवानों ने विजय श्री प्राप्त की। इस युद्ध के दौरान भारत के 527 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए थे। यह बात मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय में मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों को सद्भावना मंच की ओर से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि स्वरूप कहीं। वही पूर्व डीएसपी आनंद तोमर ने कारगिल युध्द क्षेत्र के अनेक अनुभव नम आँखों से सुनायें। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, सुरेंद्र गीते, गणेश भावसार, त्रिलोक चौधरी, निर्मल मंगवानी, ओम पिल्ले, कमल नागपाल, एनके दवे, अर्जुन बुंदेला, राजेश पोरपंथ, चंद्रशेखर सोनी, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया कार्यों का निरीक्षण

# मेट्रो का पीएम अक्टूबर में कर सकते हैं लोकार्पण

गुड इवनिंग, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को राजधानी की बहुप्रतीक्षित मेट्रो परियोजना का निरीक्षण करते हुए मेट्रो ट्रेन की ट्रायल यात्रा की। उन्होंने सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से एम्स तक और वापसी में एम्स से आरकेएमपी स्टेशन तक सफर कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मौके पर कहा कि भोपाल मेट्रो का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। सुभाष नगर से एम्स तक के रूट की लागत लगभग 2025 करोड़ रुपए है और इसके शेष कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अक्टूबर 2025 तक इस रूट का लोकार्पण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को बचे हुए सभी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए और कहा कि कोशिश की जाएगी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं अक्टूबर माह में भोपाल मेट्रो की सौगात जनता को दें।

**90 किमी की रफ्तार से दौड़ेगी मेट्रो** - मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट की कुल अनुमानित लागत 6941.40 करोड़ रुपए है और इसके दोनों कॉरिडोर 2030 तक पूर्ण रूप से तैयार हो जाएंगे। इसकी डिजाइन इस तरह से तैयार की गई है कि ट्रेनें 90 किमी प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से दौड़ सकेंगी, जबकि औसत गति 40 किमी प्रति घंटे रहेगी। स्टेशन-टू-स्टेशन सिर्फ दो मिनट का स्टॉपेज टाइम रहेगा, जिससे यात्रियों को तीव्र और सुविधाजनक सफर मिलेगा।




**दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं** -डॉ. यादव ने कहा कि सभी परीक्षण आरडीएसओ के मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं और सरकार हर उस प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है जो मानव जीवन की सुरक्षा और विकास की कसौटी पर खरी उतरती हो। उन्होंने मेट्रो को अत्याधुनिक और पूर्णतः सुरक्षित बताते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के लिए भी विशेष सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मेट्रो में यात्रियों के लिए एस्केलेटर, लिफ्ट, ब्रेल साईनेज, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय और त्वरित सूचनाएं देने की सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं होंगी।

#### 27 मेट्रो में से 7 ट्रेनें आ गई

उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत 27 अत्याधुनिक मेट्रो ट्रेन सेट शामिल किए जाएंगे, जिनमें से 7 ट्रेनें भोपाल पहुंच चुकी हैं। अब इंदौर के बाद भोपाल में मेट्रो ट्रेन के संचालन की बारी है। उन्होंने कहा कि मेट्रो से न केवल सुविधाजनक यात्रा ही संभव होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में भी इसकी प्रभावी भूमिका होगी।

#### पूरा सेक्शन इसी साल के अंत तक शुरू करने की तैयारी

मुख्यमंत्री ने इंदौर मेट्रो ट्रेन के शेष कार्यों की प्रगति की जानकारी भी मीडिया को दी। सरकार का लक्ष्य है कि इंदौर मेट्रो का पूरा सेक्शन, जो सुपर कॉरीडोर से मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन चौराहा) तक इसी साल के अंत तक प्रारंभ हो जाए। इससे इंदौर शहरवासियों को पूर्ण मेट्रो ट्रेन सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि इंदौर और भोपाल में विश्वस्तरीय मेट्रो ट्रेन सेवा समय पर शुरू हो, जिससे आमजन को सार्वजनिक परिवहन का एक सरल, सहज, सुगम, बेहतर और सुरक्षित माध्यम मिल सके।

# साइकिल पाकर खुश हुए छात्र-छात्राएं

## विधायक आशीष शर्मा ने हायर सेकंडरी स्कूल अजनास में मुफ्त बांटी साइकिल



**गुड इवनिंग, खातेगांव**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजनास में विधायक आशीष शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश धनगर की अध्यक्षता में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अतिथियों के द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। संस्था प्राचार्य रामनारायण गोयल एवं स्टाफ शिक्षकों द्वारा कार्यक्रम के समस्त अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत किया गया। विधायक आशीष शर्मा एवं सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश धनगर के द्वारा निशुल्क साइकिल वितरण योजनान्तर्गत 82 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान पंचायत सचिव विजय माली, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं समाज सेवक श्यामलाल धनगर, कचरूलाल जी सांवले, हीरालाल हरियाले, महेंद्र गुर्जर, डॉक्टर रवि हरियाले, ललित जायसवाल आदि उपस्थित थे। शिक्षक महेश कुमार दुबे, सरोज कचोली, सरिता कचोली, राजेश कुमार दुरांद, दीपक शर्मा, अंकिता तिवारी, बलराम ओसवाल, संतोष कुमार यादव, अभिलाषा तिवारी, शिपाली करोले, मुकेश कुमार माली, कपिल शर्मा, जमुना सांवले, बलराम हरियाले, नीतू खरात, आरती धनगर, संतोष कुमार भास्कर, नीरज कुमार दोहरे आशीष धनगर, राधेश्याम कर्मा आदि उपस्थित थे। विधायक आशीष शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बेहतर कार्य किये जा रहे हैं, आप सब मन लगाकर अनुशासन में रहकर शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय एवं परिवार का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन करें श्रेष्ठ अंक लाकर परीक्षाएं उत्तीर्ण करें मन लगाकर पढ़ाई करें अपना लक्ष्य निर्धारण करें शासन की योजनाओं का लाभ लें। संचालन मिथलेश कुमार शुक्ला ने किया एवं आभार अवध नारायण लोधी ने माना।

**भीषण सड़क हादसा**

# कार पेड़ से टकराई, मां और बेटे-बहू की मौत

## इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे बेड़ामऊ ग्राम की घटना कार सवार सभी लोग सिहोर जिले के भेरूंदा के

**गुड इवनिंग, खातेगांव**

*इंदौर-बैतूल हाईवे पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। कार अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे एक पेड़ से टकरा गई।*




मृतकों की पहचान सुनीता शर्मा पत्नी श्री गोपाल शर्मा शिक्षिका, नेहा शर्मा पति अभिषेक शर्मा, अभिषेक शर्मा पुत्र गोपाल शर्मा के रूप मे हुई है। यह हादसा देवास जिले के बेड़ामऊ और पोलाय के बीच हुआ। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौंप कर, जांच शुरू कर दी है।.. उधर घटना के बाद से गांव में पसरा मातम, देवास जिले के.इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर डेंजर जोन में शामिल बेड़ामऊ और पोलाय के बीच रविवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कार अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे एक पेड़ से जा टकराई। कार की टक्कर इतनी तेज थी की कार मे सवार सभी लोग बुरी तरह से कार में फंसे लोगो को स्थानीय लोगों की मदद से कटर मशीन से कार के पतरे कटकर बड़ी मुश्किल से बाहर निकला गया।

गंभीर चोट लगने से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीनों मृतक एक ही परिवार के मां बेटा और बहू है। जबकि परिवार के अन्य दो सदस्य गोपाल शर्मा ओर उनका पोते की हालत गंभीर है। जिनका इलाज इंदौर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। कार सवार परिवार सीहोर जिले के भेरूंदा के बोरखेड़ा निवासी हे। जो कार से इंदौर से वापस बोरखेड़ा आ रहे थे। बताया जाता है कि खातेगांव के तिवारी जनरल स्टोर के संचालक दिनेश उर्फ गोलू तिवारी के रिश्ते में अभिषेक शर्मा भांजा लगता है।घटना के बाद से खातेगांव में भी शोक की लहर देखी जा रही है।

## श्री नारायण विद्या मंदिर क्रमांक एक में पात्र छात्रों को निशुल्क साइकिल का वितरण

**देवास।** शासन द्वारा पात्र छात्रों को निशुल्क साइकिल का वितरण किया जाता है । इस वर्ष भी शासन द्वारा पात्र छात्रों को साइकिल का वितरण किया गया। स्थानीय श्री नारायण विद्या मंदिर क्रमांक एक देवास में विद्यालय के पात्र छात्रों को साइकिल का वितरण किया गया। संस्था के साइकिल वितरण प्रभारी शिक्षक मनोहर पटेल ने बताया पांच छात्रों महमूद उजेब, शादाब पटेल, शुभम, सचिन और आयुष को क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि नितिन आहूजा, एनसीसी सूबेदार दलजीत सिंह उज्जैन, संस्था प्राचार्य के के मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्रों के पालक भी उपस्थित रहे। छात्रों को संबोधित करते हुए पार्षद प्रतिनिधि नितिन आहूजा ने कहा कि शासन छात्रों की शिक्षा के लिए हर तरह की सुविधा प्रदान कर रही है, छात्रों को भी चाहिए कि वह मेहनत करें, मन लगाकर अध्ययन करें और श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर उपलब्धियां अर्जित करें। प्राचार्य के के मिश्रा ने भी छात्रों को प्रेरक उद्बोधन से संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मिर्जा मुशाहिद बेग ने किया एवं आभार अनुज जायसवाल ने माना। इस अवसर पर जन शिक्षक सहज सरकार एवं संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# श्रीरामशरणं अमृतवाणी मंडल धार ने ओमकार नगर मंदिर परिसर में लगाए पौधे



**गुड इवनिंग, धार**

श्री रामशरणम अमृतवाणी मंडल धार जो कि श्रीराम शरणम दिल्ली की शाखा है, यह पिछले 8-10 वर्षों से धार में कार्यरत है । धार मंडल के साधक शिव शंकर वर्मा ने बताया कि,हमारी संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ कर सलाहकार महेशचन्द्र माहेश्वरी के मुख्य आतिथ्य में ओमकार नगर मंदिर स्थल पर श्यामलाल शर्मा के 75वें जन्मदिवस पर परम पावन अमृतवाणी जी का पाठ के पश्चात एक पेड़ मां के नाम से पीपल का पौधा लगाया गया। साथ ही मंडल अध्यक्ष महेशचन्द्र माहेश्वरी ने सभी सदस्यों से मां के नाम एक पौधा लगाने की अपील की।

अमृतवाणी पाठ के साथ हनुमान चालीसा एवम भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के सत्यनारायण शर्मा,शिव शंकर वर्मा,महेशचन्द्र माहेश्वरी,नारायण जोशी,बाबूलाल देवड़ा, डी.के.उपाध्याय, गणेशमहाजन, श्यामलाल शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, गोपाल दुबे, ओमप्रकाश राठौड, ओमप्रकाश चौहान, दीपक रावत, कैलाश बैरागी, हीरालाल सेठ, कमल सिंह ठाकुर आदि मंडल के सदस्य उपस्थित थे। धार में अमृतवाणी का पाठ प्रति रविवार पिछले 8-10 वर्षों से किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी मंडल के वरिष्ठ एवं सचिव डीके उपाध्याय ने दी।

# नर्मदा तट पर भगवन भक्त मंडल के भंडारे में हजारों लोगों ने ली प्रसादी

**गुड इवनिंग, खातेगांव**



लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से नेमावर के नर्मदा तट पर अमावस्या महापर्व पर भगवन भक्त मंडल द्वारा आयोजित होने वाले भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं।

हरियाली अमावस्या महापर्व पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारे में पहुंचे और भोजन प्रसादी ग्रहण की

विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि मां नर्मदा का तट साधना और भक्ति का तट हे। त्यौहार हो या पर्व यहां हजारों श्रद्धालु आते हैं। हमारे मन में यह विचार आया कि जो श्रद्धालु दूर से आते हैं उन्हें यहां घाट पर भोजन प्रसादी मिले इसी को लेकर विगत 10 वर्षों से अधिक समय से यहां पर भगवन भक्त मंडल के द्वारा भंडारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें लगभग 200 से अधिक सदस्य हैं सभी सदस्य अपना तन मन धन का सहयोग इस भंडारे में प्रदान करते हैं प्रातः 6:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक यह भंडारा अनवरत चलता है। जिसमें हजारों लोग प्रसादी ग्रहण करते हैं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां नर्मदा के दर्शन पूजन के साथ-साथ अपने जीवन की मंगल कामना लेकर यहां से वापस लौटते हैं।

## कारगिल विजय दिवस पर किया पौधा रोपण प्रत्येक शहीद की याद में लगाया एक पौधा

**देवास।** कारगिल विजय दिवस शंकरगढ़ पर एक पौधा मां के नाम पर कारगिल युद्ध में शहीद जांबाज 527 सैनिक की याद में हर एक शहीद के रूप में 527 पौधे लगाए गए साथ ही शहीद वाटिका का अनावरण किया गया। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, एक्रोपोलिस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी साइंस इंदौर से डॉ किरण पालीवाल, डॉ शास्वी के साथ छात्र व एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी व ग्रीन आर्मी की टीम रामबाबू पटेल, सुनील सिंह चौहान, मोहन सिंह गुनावत, सी.पी.सिंह, गणेशपुरी, भारत पाटीदार, मनोहर सोलंकी, जितेंद्र प्रजापत, दिनेश सिंह चौहान, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह चौहान (लाला), विनीत दुबे उपस्थित रहे।

# भारतीय मजदूर संघ देवास ने मनाया 70वां स्थापना दिवस

**गुड इवनिंग, देवास**

भारतीय मजदूर संघ का 70 वां स्थापना दिवस भारतीय मजदूर संघ समर्पण कार्यालय पर भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति के अनुसार 23 जुलाई को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय मजदूर संघ के ध्वज को फहराया कर तथा भगवान विश्वकर्मा, भारत माता, सरस्वती माता, संघ के संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री अमित पांडे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष बिजली कर्मचारी संघ एवं विशेष अतिथि भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय व सहविभाग प्रमुख राजू लोधी थे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़ ने की। अतिथियों का अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। मध्यप्रदेश के भोपाल में 23 जुलाई 1955 को हुई भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के सर्वांगीण उन्नति के लिए दलगत राजनीति से पृथक रहने वाला भारतीय मजदूर संघ समाज के दुर्बल, शोषित, वंचित वर्ग को साथ मिलकर उनके उत्थान हेतु मालिक और मजदूरों में संघर्ष के स्थान पर समन्वय स्थापित कर कार्य करने की मूल भावना पर आच्छादित है। उन्होंने संघ की सत्तर वर्षीय अविरल यात्रा को वटवृक्ष की भांति स्थापित होने तथा लगभग डेढ़ करोड़ सदस्यों, कार्यकताओं के बल पर देश में सबसे बड़े मजदूर संगठन के रूप में परिलक्षित होने की प्रमाणिकता को बताया तथा सभी निहित मानवीय आकांक्षाओं का त्याग कर समरस समाज के स्थापना की आधारशिला रखने वाले संघ के संस्थापक ठेंगड़ी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तावित पद्मभूषण सम्मान को विनम्रता पूर्वक अस्वीकार कर दिया गया तथा शोषित पीड़ित उपेक्षित दलित जनों की सच्ची सेवा को पुरस्कार माना। मुख्य अतिथि अशोक शुक्ला ने अपने उद्बोधन में भारतीय मजदूर संघ की नीति रीति को देश के लिए अमृत मय कहा तथा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु सभी को संगठित होकर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रघुवंशी, महामंत्री महेन्द्रसिंह परिहार, कोषाध्यक्ष

# ताइक्वांडो में धार के खिलाड़ियों ने राजस्थान में फहराया परचम

**गुड इवनिंग, धार**



जयपुर में थर्ड भगवान निम्बार्क ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 राजस्थान में हुई। इसमें धार मध्य प्रदेश के ताइक्वांडो खिलाड़ियों इस प्रतियोगिता में भाग लिया एवं प्रदर्शन करते हुए 17 पदक धार के नाम किए। यह प्रतियोगिता सबजूनियर, कैडेट, जूनियर व सीनियर के मध्य हुई। इस प्रतियोगिता में धार के ताइक्वांडो कोच गगन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सूची इस प्रकार हैः सब-जूनियर वर्ग कर्तव्य ठाकुर- गोल्ड (21 किग्रा), अविश पटूड- गोल्ड (23 किग्रा), सार्थक नागर- सिल्वर (27 किग्रा), विवान मादाविद्या- सिल्वर (38 किग्रा), आराध्य शर्मा- ब्रॉन्ज (41+ किग्रा), ख्याति राणा- ब्रॉन्ज (32 किग्रा)। कैडेट वर्ग : शुभम डोडिया- गोल्ड (33 किग्रा), यश भाभर- गोल्ड (35 किग्रा) तनिष्क पंवार- सिल्वर (35 किग्रा) दिव्यराज वैष्णव- ब्रॉन्ज (41+ किग्रा), लक्ष्य सोलंकी- गोल्ड (41+ किग्रा), दीक्षा डावर- ब्रॉन्ज (37 किग्रा),विनीता बारिया- ब्रॉन्ज (53 किग्रा)।

जूनियर वर्ग : सौम्या भदौरिया- गोल्ड (52 किग्रा) मानसी पंचोलीझ ब्रॉन्ज (42 किग्रा) सीनियर वर्ग : हर्षिता चौहान- सिल्वर (44 किग्रा) भावना यादव- ब्रॉन्ज (63 किग्रा)। इसके अतिरिक्त मितेश सिसोदिया और स्पर्श कनाडे ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। सभी बच्चे को धार पहुंचने पर पालकगन द्वारा भव्य स्वागत किया गया धार ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण तोमर व सभी पालकगण ने विजेता खिलाड़ियों को जीत की हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उच्च शिक्षा उमंग हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत मेंटल हेल्थ विषय पर कार्यशाला

**गुड इवनिंग, देवास**




मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग के समन्वय से जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में 26 जुलाई 2025 को महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग, रेडक्रॉस,एन.सी.सी.तथा एन.एस.एस. के सहयोग से उच्च शिक्षा उमंग हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत मेंटल हेल्थ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस.राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में जिला चिकित्सालय देवास के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र प्रजापति, नर्सिंग ऑफिसर अनीता पॉल तथा उमंग स्वास्थ्य केंद्र, जिला देवास की अपर्णा वर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य तथा उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम पर व्याख्यान दिए। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेन्द्र प्रजापति ने मानसिक स्वास्थ्य और उससे संबंधित विभिन्न रोगों एवं उसके समाधान से सभी को अवगत कराया तथा कहा कि मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के लिए जिला चिकित्सालय देवास में मनकक्ष विभाग का निर्माण किया गया है। स्वास्थ्य केंद्र की परामर्शदाता अपर्णा वर्मा ने उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्रदान की। नर्सिंग ऑफिसर अनिता पॉल ने मनहित मोबाईल एप, टेलीमानस हेल्पलाइन 14416, उमंग हेल्पलाइन 14425 तथा जस्ट आस्क चेटबोट से संबंधित जानकारी प्रदान की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस राणा ने कहा कि मानसिक रोगों से निपटने के लिए कम्युनिकेशन सबसे ज्यादा आवश्यक है, ताकि समय पर इन समस्याओं की पहचान की जा सके । राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ आर.के. मराठा ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को वर्तमान का सबसे महत्वपूर्ण विषय बताया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. रजत राठौर ने कहा कि जिस प्रकार हम अन्य रोगों का इलाज करवाते हैं, उसी प्रकार मानसिक रोगों का इलाज भी अवश्य करवाना चाहिए, साथ ही मानसिक रोगों के प्रति सामाजिक सोच को भी बदलना होगा। जिला चिकित्सालय से आए विशेषज्ञों से विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने मानसिक रोगों से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का समाधान भी प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में प्रो. राकेश कोटिया, प्रो. ललिता गौरे, डॉ. ममता लाबरे,प्रो. जितेंद्र सिंह राजपूत, प्रो.दीपक अटाड़ीया, डॉ. लता धूपकारिया, प्रो. खुशबू बेग, डॉ. .कैलाश यादव, डॉ. माया ठाकुर, संतोष भरेवा व जितेन्द्र यादव, लीलाबाई, गुडिया बाई, छोटीबाई, लक्ष्मीबाई, प्रीति बाई सहित संपूर्ण महाविद्यालय के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा । कार्यक्रम का संचालन प्रो. रजत राठौर ने किया तथा आभार डॉ.संजय गाडगे ने माना।

# कालीसिंध पुल पर हुए गड्ढे, खतरे में राहगीर

## अंग्रेजों के जमाने के पुल पर सेतु निगम नहीं दे रहा ध्यान

गुड इवनिंग, सारंगपुर

**नगर से निकले पुराने हाईवे स्थित कालीसिंध नदी पर बने अंग्रेजों के जमाने का पुल पर गड्ढे ही गड्ढे हो चुके है। एक तरफ पुल पर रेलिंग नहीं होने से हमेशा हादसों का डर बना रहता है उस पर गड्ढो के कारण वाहन एक सीध में नहीं चल पाते है। जिसके कारण हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा हैं। उक्त पुल के दोनों ओर बडे बडे और गहरे जानलेवा गड्ढे बन रहे हैं। जिसके कारण वाहनों चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। साथ ही आए दिन गड्ढों के कारण हादसें भी होते रहते है। रेलिंग नहीं होने से कई बार वाहन चालक सीधे नदी में कूद जाते हैं। हादसों के कारण कई लोगों की जान भी जा चुकी है लेकिन कोई भी पुल की हालात सुधारने ध्यान देना नहीं चाहते हैं।**




**पैचवर्क कब होगा पता नहीं :** आगरा-मुंबई के पुराने मार्ग स्थित कालीसिंध नदी के पुल के गड्ढों को भरने और पैंचवर्क करने सेतु निगम की जिम्मेदारी है लेकिन काम कब होगा इसका किसी को कोई पता नहीं? ऐसे में गड्ढों के बीच से ही एंबुलेंस, यात्री बसों और अन्य वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर निकलना पड रहा है। हर दिन यहां निकलने वाले वाहन चालक दहशत में है।

**हादसों गई कई लोगों की जान :** कालीसिंध जर्जर पुल की सालों से मरम्मत नहीं हुई है। ऐसे में गड्ढे इतने गहरे हो चुके हैं कि गलती से गड्ढों में वाहन का पहिया उतर जाए तो हादसा होना तय है। ऐसे में यही से जान जोखिम में डालकर एंबुलेंस, सहित अन्य वाहन और बाइक चालक निकलने को मजबूर है। सबसे अधिक परेशानी बाइक चालकों को होती है। गड्ढों में बाइक अनियंत्रित होकर गिरने की संभावना रहती है साथ ही रेलिंग नहीं होने से कई हादसों में वाहन सहित लोगों सीधे नदी में जा गिरते हैं। हादसों में कई लोग अपनी जान गंवा चुके है। लेकिन कोई इन जानलेवा गड्ढों को तक नहीं भर पा रहे हैं।

**बीते वर्ष सीसी से से भरे थे गड्ढे, बारिश से फिर हुए :** उल्लेखनीय है कि सेतु निगम के द्वारा कालीसिंध पुल के दोनो छोर पर विगत विगत अगस्त में सीसी मटेरियल डलवाकर गड्ढे भरे थे जो कुछ माह के भीतर ही बारिश के पानी के साथ बह गया और गड्ढे फिर से पुल पर हो गए और लोगों की मुसीबत बनने लगे। जबकि बारिश में इसका स्थाई समाधान होना चाहिये ताकि लोगों को दिक्कते न आए। इस संबंध में तहसीलदार आकाश शर्मा ने कहा कि सेतु निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा कि समस्या का समाधान कराए और गड्ढो को भरे ताकि आमजन को दिक्कत न आए।

# ओपीडी, लैब के बाहर घूम रहे आवारा सांड, मरीजों को खतरा

गुड इवनिंग, सारंगपुर

स्थानीय शासकीय सिविल अस्पताल की ओपीडी में अब इंसानों के अलावा आवारा मवेशी, कुत्ते सहित अन्य जानवर भी आए दिन ओपीडी में घूमते दिखाई दे रहे। इसका ताजा उदाहरण रविवार सुबह 7:15 पर सिविल अस्पताल ओपीडी, दवाई कक्ष से लेकर लेब रुम के बाहर देखने को मिला। भर्ती मरीजों का कहना था कि चिकित्सालय में आए दिन सुआन, सूअर, गाय घूमते रहते है, जिससे लेबर रूम के नौनिहालों को भी खतरा बना रहता है। प्रबंधन को इसको लेकर जरुरी कदम उठाते हुए सुरक्षा के इंतजाम करना चाहिए, ताकि इस तरह के हालात दोबारा पैदा न हो।



### नागर बने धाकड़ महासभा के प्रदेश सचिव

देपालपुर। ग्राम मुरखेड़ा निवासी बबलू नागर को आमजनों व सामाजिक कार्यों में निस्वार्थ सेवा भाव को देखते अखिल भारतीय धाकड़ समाज महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नांदेड़, राष्ट्रीय महासचिव जगदीप नागर ने बबलू नागर को अ.भा. धाकड़ महासभा के मध्य प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्ति की गई, नागर की इस नियुक्ति पर सामाजिक व मित्रों द्वारा बधाई मिठाई खिलाते विजय जीत नगर, टिंकू नागर, पवन पटेल, मनोज नागर, नरेंद्र नागर, संदीप किरार, नवीन पटेल आदि समाज जनों ने बधाई दी।



## तेज बारिश भी, स्वास्थ्य के प्रति आमजनों के हौसले नही तोड़ पाई

# सोनोग्राफी और ईको जांच के लिए मिलेगा स्थाई समाधान

गुड इवनिंग, देपालपुर

शनिवार को बड़े स्तर पर निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शासकीय भागीरथ सिलावट महाविद्यालय में तहसील विधिक सेवा समिति सिविल कोर्ट देपालपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क प्रीवेंटिव हेल्थ चेकअप शिविर रखा गया था । जहां 100 से अधिक डॉक्टरो की टीम ने हजारों मरीज का परीक्षण किया । सुबह से ही तेज बारिश लोगों की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और उत्साह को कम नहीं कर सकी । शिविर का शुभारंभ साढे दस बजे हुआ जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरविंदो इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस इंदौर के संस्थापक अध्यक्ष डॉ विनोद भंडारी विशेष रूप से उपस्थित थे, उन्होंने देपालपुर के लोगों से जुड़ाव प्रकट करते हुए घोषणा की है कि देपालपुर यानी 'बड़े गांव' से मेरा पुराना नाता है उन्होंने देपालपुर क्षेत्र में सोनोग्राफी और ईको जैसी जांच की सुविधा की कमी की जानकारी मिलने पर भरोसा दिलाया कि सप्ताह में दो दिन इन सेवाओं की शुरूआत शासकीय अस्पताल देपालपुर में की जाएगी । उन्होंने 30 से 60 वर्ष की उम्र के नागरिकों की सूची तैयार कर एक स्वास्थ्य जागरूकता व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लोगों को जोड़ने की बात भी कही ताकि उन्हें नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके ।






**वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी :** शिविर में तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान, एसडीएम आर.एम. त्रिपाठी, एसडीओपी संघप्रिय सम्राट और अरबिंदो अस्पताल के सी.ओ.ओ. राजीव सिंह ने स्वयं शिविर की व्यवस्थाएं संभालते हुए मरीजों से संवाद किया और व्यवस्थाओं की निगरानी की।

जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहाः - बहुत से लोगों के मन में यह सवाल होता है कि न्यायपालिका स्वास्थ्य शिविर क्यों आयोजित कर रही है। इसका उत्तर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के इस सिद्धांत में है झ 'न्याय सबके लिए।' स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय झ ये तीनों मूल अधिकार हैं और हम सबकी ज़िम्मेदारी है कि समाज के हर वर्ग तक ये आसानी से पहुंचे।

**देपालपुर को मिली बड़ी सौगात :** एसडीएम राकेश मोहन त्रिपाठी ने शिविर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि - देपालपुर जैसे क्षेत्र में जहां स्वास्थ्य सेवाएं अभी सीमित हैं, वहां इस तरह का सर्व-सुविधायुक्त स्वास्थ्य शिविर लगना बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह केवल एक शिविर नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है। हम प्रयास करेंगे कि इस दिशा में निरंतर प्रगति होती रहे।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम रही मौजूद :** शिविर में जनरल मेडिसिन, सर्जरी, त्वचा रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, एवं शिशु रोग के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और उचित परामर्श दिया।

# यह केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि धरती मां के प्रति सम्मान : टेटवाल

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पांदा, बावली और गायन में राज्यमंत्री ने किया पौधारोपण

गुड इवनिंग, सारंगपुर

आज ग्रामवासियों ने एकजुट होकर एक-एक पौधा रोपित किया और यह सिद्ध कर दिया कि जब हर कोई एक वृक्ष लगाता है, तो सामूहिक प्रयासों से एक सुंदर, जीवंत और समर्पित बगिया तैयार हो जाती है। मैं कहना चाहता हूं कि यह केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि धरती माँ के प्रति सम्मान, भावी पीढ़ियों के लिए उत्तरदायित्व और पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प है। यह बात विधानसभा सारंगपुर के ग्राम पंचायत पांदा में एक पेड माँ के नाम कार्यक्रम के तहत वृहद स्तर पर शुरू हुए पौधारोपण कार्यक्रम के तहत पौधे लगाएते हुए राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कही। उन्होंने कहा कि हर्ष का विषय है कि यह सार्थक और प्रेरणादायक आयोजन किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का यह संदेश एक पेड माँ के नाम से शुरू होकर एक बगिया माँ के नाम तक



पहुँचेग़ आज पांदा ग्राम में साकार हुआ। सभी ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं का समर्पण एवं सहभागिता यह दशार्ता है कि प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूक समाज ही सच्ची शक्ति है। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री एवं अतिथियों का स्वागत सरपंच दीपसिंह सोनगरा, लखन यादव, पवन यादव, बनेसिंह यादव, आत्माराम भिलाला, कमलेश तिवारी, शैलेंद्र सिंह, गजराजसिंह, रघुराज सिंह, राहुल शर्मा, कमल यादव, सचिव लखन भिलाला, रोजगार सहायक गोविंद जोशी ने किया। कार्यक्रम के दौरान इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विनोद पाटीदार, गिरवर भंडारी, विकास दीक्षित, सरपंच दीपसिंह सोनगरा, कैलाश नागर, एसडीएम रोहित बम्हौरे, तहसीलदार आकाश शर्मा, सीईओ हेमेंद्र गोविल, बीईओ सुरेश विरमाल, बीआरसी बीएल वर्मा, एसडीओ कृपाल पैरवाल, जनशिक्षक अजय सोनी, प्राचार्य केसी नागर, रामचंद्र नागर सहित अन्य उपस्थित थे।

**तीन गांवो में लगेगे 2100 पौधे :** प्राप्त जानकारी के अनुसार पौधारोपण की शुरूआत रविवार को पांदा, बावली और गायन में की गई। तीनों गांवो में करीब 2100 पौधे लगे। सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्हौरे ने बताया कि सारंगपुर अनुविभाग क्षेत्र में हमारा लक्ष्य है कि 51 हजार पौधे लगाए जाए। इस के तहत ग्रामों में 500 से 1000 पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान की शुरूआत मंत्रीजी के करकमलो से हो चुकी है।

# केसरिया रंग में रंगे कावड़िए, बम-बम भोले के जयकारों के साथ निकले



गुड इवनिंग, सारंगपुर

समीपस्थ ग्राम लाटाहेड़ी से केसरिया रंग में रंगे दर्जनों कावड़ियों ने बम-बम भोले के जयकारों के साथ कांवड यात्रा को शुरू किया। जिनका शिव भक्तों ने भी पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। दर्जनों कांवड़िए नेवज नदी का जल लेकर भगवान भोले नाथ का अभिषेक करने के लिए हनुमान मंदिर पहुंचे। कांवडिए बम-बम भोले का जयघोष करते हुए गुजरे, तो समूचा गगन मंडल शिवमय हो गया। वही जोरदार आतिशबाजी के साथ डीजे की धुन व धार्मिक भजनों से माहौल धार्मिक हो गया। ग्राम की महिलाओं और शिवभक्तों ने घरों से निकलकर कावड़ियों का ऐतिहासिक स्वागत हुआ। कावड यात्रा का ग्राम में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। किसी ने फलाहार से तो किसी खीर खिलाकर कावड़ियों का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम लाटाहेडी से कावड यात्री नेवज नदी का जल लेकर कांचीपुरा खेडापति सरकार के मंदिर पर पहुंचे, जहां भोलेनाथ को नेवज नदी का जल चढा कर पूजा अर्चना की।

## श्रावण सोमवार विशेषः नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर किसी तपोभूमि से कम नहीं

# एक चमत्कारी शिवधाम, जहां श्रद्धा स्वयं शिवत्व का रूप धरती है

गुड इवनिंग, सारंगपुर

**सारंगपुर नगरी के प्राचीन हृदयस्थल पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर किसी शिवमयी तपोभूमि से कम नहीं। यह वह स्थल है जहां आस्था के कण-कण में शिव का स्पंदन है और वातावरण में रुद्रध्वनि की गुंजार। सुगमता से पैदल और वाहनमार्ग से पहुंचा जा सकने वाला यह शिवालय, अपनी अद्भुत दिव्यता, गंभीर शिवमूर्ति और कृपामयी अनुभूतियों के लिए विशेष ख्याति प्राप्त है।**

**इतिहास की अमिट छवि :** कहते हैं संवत 1234 में राजा सारंगदेव की शिवभक्ति की महागाथा से प्रेरित हो इस मंदिर की स्थापना हुई। यह न केवल स्थापत्यकला की कलात्मकता का प्रतीक है, बल्कि मालवा की शिव-परंपरा का एक अद्वितीय अध्याय भी है।



यहां का स्वयंभू शिवलिंग, जिसके गले में धातु निर्मित नाग सुशोभित है, मानो शिवत्व का साक्षात स्वरूप बनकर भक्तों के अंतर्मन को झंकृत करता है।

**धार्मिक विशिष्टता का प्रकाशपुंज :** मंदिर परिसर में ध्यानरत नंदी महाराज, प्रतीक्षा करते हैं मानो हर श्रद्धालु की मूक प्रार्थना को शिव तक पहुंचाने का व्रत लिए बैठे हों। वहीं प्रांगण में लहराता कल्पवृक्ष तुल्य पीपल वृक्ष, तप और तपस्या की छाया प्रदान करता है। श्रावण मास में यह स्थल भक्ति की तरंगों से गूंज उठता है। जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, रुद्राष्टक पाठ और गंगाजल से होती शिव-सेवा यहां की परंपरा है।

**श्रावण माह की दिव्य आभा :** श्रावण की संध्याएं जब मंदिर की दीपमालिका से जगमगाती हैं, फूलों की वर्षा होती है, और भक्तों की रुद्रध्वनि से गगन गुंजित होता है तब यह धाम स्वर्गिक आनंद की अनुभूति कराता है। लोकश्रुति है कि नीलकंठेश्वर महादेव यहां सच्चे मन से मांगी गई हर प्रार्थना अवश्य पूर्ण करते हैं।

**विशेष धार्मिक संलग्नता :** यह शिवधाम श्रावण मास में तिलमांडेश्वर, ओंकारेश्वर, मनकामेश्वर, बटकेश्वर एवं गुप्तेश्वर महादेव जैसे पूज्य धामों के साथ दर्शन-यात्रा में विशेष स्थान रखता है। श्रद्धालु इसे शिवपथ की सप्तधारा का अभिन्ना अंग मानते हैं। यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि शिवभक्ति का वह अखंड दीप है,जो युगों से सारंगपुर की आत्मा में जल रहा है। यह धाम शिव-शक्ति, संस्कृति और साधना का त्रिवेणी संगम है। इसकी दिव्यता का प्रचार संवर्धन न केवल एक कर्तव्य है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक आत्मा को प्रणाम करने जैसा है।

### श्रद्धा की अनुभूतियां पुजारी और भक्त की वाणी से

यह मंदिर केवल शिवालय नहीं, श्रद्धालुओं के विश्वास की जीवंत प्रतिमा है। यहां का शिवलिंग स्वयंभू है। जो भी यहां सच्चे मन से आता है, उसकी हर मनोकामना शिव कृपा से पूर्ण होती है।

**- आनंद बैरागी (मंदिर पुजारी)**

मैं वर्षो से इस दिव्यधाम में आकर केवल दर्शन नहीं करता, अपितु अपनी आत्मा को शिवत्व की गोद में रखकर लौटता हूं। बाबा नीलकंठेश्वर महादेव हर पुकार सुनते हैं और जो भी उनसे मांगा जाता है, वह कृपा की वर्षा बनकर जीवन में बरसता है।

**- बंटी पुष्पद (शिवभक्त)**

# सड़क की साइड अधूरी छोड़ी, बीच में भी कीचड़

## साइड में बारिश के पूर्व होना थी मुरम की भराई, लोग हो रहे परेशान

**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

करीब दो साल पहले पीडब्ल्यूडी ने लगभग सवा करोड की लागत से करीब 1 किमी की सीसी सड़क बना दो दी है। लेकिन वर्षा से पूर्व साइडो की पूर्ति सही ढंग से नहीं कराए जाने से लगातार हो रही रिमझिम वर्षा की वजह से शहरी सड़क की साइडो पर कीचड़ हो गया है जो मुख्य सड़क पर फैल गया है। दरअसल बारिश के पूर्व सड़क के दोनों किनारों पर ठेकेदार को मुरूम, बोल्डर बिछाना था। इससे सड़क के किनारे मजबूत होते।

अब बरसात के दिनों में सड़क के दोनों किनारे कीचड़ से भरे हैं। सारंगपुर बस स्टैंड से लेकर भावना होटल तक और उधर पुराना बस स्टैंड ऐसे ही हालत है। जनता की समस्या हो लेकर नागरिकों ने मांग की है कि सड़क के दोनों किनारों पर कीचड़ की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है की तरह अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ध्यानाकर्षण करना चाहिए। क्योंकि साइड देने के लिए सड़क से नीचे किनारे पर वाहन उतारना भी जोखिम भरा हो गया है। खास तौर पर दोपहिया वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हो रही है। यह सड़क पुराने एबी रोड की सड़क है और इससे आगर, पाडल्या को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है और शाजापुर और आगर जिले सीमा प्रवेश के लिए रोजाना इस सड़क से सैकड़ों गाड़ियों की आवाजाही होती है।



**पीडब्ल्यूडी से की मांग :** नगर से निकलने वाले पुराने एबी रोड पर बारिश के कारण कीचड हो जाने से वाहन फिसल रहे है तथा दुर्घटनाए हो रही है। जिसके चलते पीडब्ल्युडी सारंगपुर को रोड के आसपास मुरम, चुरी आदि से लेवल करवाने के लिए कार्रवाई करना चाहिए। ताकि आगे दुर्घटना व जनहानी से बचा जा सके। नागरिक महेश सोनी, महेश प्रजापति, लखन धनगर सहित अन्य नागरिकों ने कहा है कि सड़क किनारे कीचड़ मय हो गए है। दुकानदार नवीन जैन ने कहा कि किचड़ के कारण आसपास की दुकानों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। सड़क किनारे कीचड़ होने से दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। सड़क किनारे की दुकानों में घुसने के लिए लोगों को कीचड़ पार कर जाना पड़ रहा है। बैंक, लोक सेवा केन्द्र, सरकारी कार्यालय, कालोनियों के रास्ते व स्कूल सभी सड़क किनारे ही है इससे लोगो को दिक्कते आ रही है।

### इनका कहना

हमारे द्वारा जनसमस्या को देखते हुए पीडब्ल्यूडी से मांग की जाती है कि सड़क की साइडो को दुरूर्स्त कराए और मुरम डलवाई जाए ताकि लोगो की परेशानी हल हो सके।

**- अश्वेंद्र छाबड़ा, समाजसेवी, सारंगपुर**

शहर के पुराने हाईवे की सड़क की साइड को एलएनटी के ठेकेदार के द्वारा पाइप लाइन बिछाने में खराब किया था, लेकिन फिर भी नागरिकों की आसुविधाओं को देखते हुए ठेकेदार को निर्देशित कर समस्या का समाधान कराने के लिए साइडो को मुरम से भरवाया जाएगा।

**- दीपक कुमार, कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी, राजगढ़**

---

### गिरोह के बदमाश हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली के शातिर अपराधी, लग्जरी वाहनों से घूमते थे

# एटीएम पर मदद के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले 13 आरोपी गिरफ्तार

**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

एटीएम पर नागरिकों की सहायता करने के नाम पर उनके साथ धोखाधडी करते हुए मोटी रकम पार करने वाले 13 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।राजगढ; जिले की पुलिस ने करीब 2500 किमी का सफर तय करते हुए दिल्ली, हरियाणा, उप्र व राजस्थान के 11 आरोपियों को पकडा है।

एसपी अमित कुमार तोलानी ने बताया कि थाना क्षेत्र जीरापुर, पचोर एवं सारंगपुर में एटीएम धोखाधड़ी की लगातार घटनाएं सामने आ रही थी ।इन तीनों थाना क्षेत्रों में इस वर्ष अलग-अलग दिनों में एटीएम सहायता के नाम पर लोगों के साथ बदमाशों द्वारा ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया था ।विभिन्ना राज्यो से बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के सदस्य हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली के शातिर अपराधी हैं। जो लग्जरी वाहनों से भ्रमण करते थे। भोलेभाले नागरिकों को एटीएम पर सहायता के नाम पर बातों में उलझाकर कार्ड बदलकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर रहे थे।




**यह की थी ठगी**

1-28 जून 2025 को थाना पचोर अंतर्गत रामगोपाल यादव का एटीएम कार्ड बदलकर बदमाशों ने 35 हजार रुपये निकाल लिए ।राशि निकालने की भनक लगने के बाद फरियादी ने पचोर थाने में शिकायत की थी ।इसके बाद पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया था।

2-28 जून 2025 को थाना सारंगपुर में फरियादी आयुष कुमार पिता अशोक कुमार साहू, निवासी पुराना बस स्टैंड शिवगंज से 16,000 रुपये निकाल लिए। ठगी की सूचना पर थाना सारंगपुर में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

3-10 जुलाई 2025 को थाना पचोर थाना क्षेत्र में सुखबीर सिंह भदौरिया के खाते से एटीएम बदलकर 40,000 की नकद राशि निकाल ली गई ।फरियादी द्वारा थाने में इसकी शिकायत की थी ।इसके बाद ठगी की सूचना पर थाना पचोर में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

4-बदमाशों द्वारा 21 जुलाई 2025 को थाना जीरापुर अंतर्गत फरियादी रामउग्रह पाण्डेय से एटीएम कार्ड बदलकर 85,000 की धोखाधड़ी की गई ।फरियादी की सूचना पर थाना जीरापुर में अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

**यह पकड़े गए आरोपी**

**घटना-01: थाना पचोर: दिनांक 28 जून 2025 से संबंधित:**

1) शराफत खान पिता शहाबुद्धीन (ग्राम मिठठू परा थाना सिकरी जिला डीग राजस्थान)
2) नासिर पिता दीन मोहम्मद खां

**घटना-02: थाना सारंगपुर: घटना 28 जून 2025 से संबंधित**

1) शराफत खान पिता शहाबुद्धीन (ग्राम मिठठू परा थाना सिकरी जिला डीग राजस्थान)
2) नासिर पिता दीन मोहम्मद खां

माल बरामद किया: इस घटना को लेकर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक कार व प्त16,000/- नकद राशि शत प्रतिशत राशि बरामद की गई।

**घटना-03: थाना पचोर: 10 जुलाई 2025 से संबंधित:**

-साउद पिता युसूफ रंगरेज जिला गाजियाबाद उत्तरप्रदेश
-आजाद पिता ताजुद्दीन जिला गाजियाबाद उत्तरप्रदेश
-आमिर पिता फैजुदफदीन जिला गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश

**घटना-04: थाना जीरापुर: (21 जुलाई 2025 से संबंधित)**

-अकरम उर्फ पप्पू पिता मोहम्मद अली (26 वर्ष)
- अमर खान पिता निसार अहमद खान (23 वर्ष)
-वसीम अकरम पिता जाकीर (30 वर्ष)
- शाहरुख पिता हारुन मुसलमान (25 वर्ष)
(सर्व निवासीगण ग्राम रनियाला खुर्द एवं सापंकी थाना उतावड़/हतिन जिला पलवल हरियाणा)
-जाकिर हुसैन (ग्राम रनियाला थाना सिकरी जिला डीग)
- वीरेंद्र सिंह गुर्जर (ग्राम कामा जिला डीग राजस्थान)

---

## प्रधान जिला न्यायाधीश का अभिभाषक संघ अध्यक्ष ने किया स्वागत



**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

अभिभाषक संघ सारंगपुर द्वारा नगर में आमंत्रित अतिथिगण प्रधान जिला न्यायाधीश राजीव एम आप्टे, जिला न्यायाधीश डॉक्टर लखनलाल गोस्वामी, चित्रेन्द्र सिंह सोलंकी, सुरेश सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलिमा देवदत्त, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देव दत्त, न्यायिक मजिस्ट्रेट आकांक्षा कत्याल, जितेंद्र कुमार शर्मा, अर्चना मर्सकोले, स्निग्धा पाठक, स्वाति भार्गव, अश्विनी गहलोत, पूर्णांक चौबे का अभिभाषक संघ सारंगपुर अध्यक्ष पीएस मंडलोई एवं संघ के समस्त सदस्यों द्वारा फुल मालाओ और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वागत भाषण श्री मंडलोई द्वारा प्रस्तुत किया, जिसमे उन्होंने अतिथियों को नगर के प्राचीन इतिहास के बारे में अवगत कराया और नगर मैं ओम के आकर में स्थित शिवलिंग कपिलेश्वर मंदिर में कपिला गाय के पदचिह्न और अकबर कालीन रियासत का नगर से संबंध होने की जानकारी दी। साथ ही अभिभाषक संघ के सदस्यों को एक परिवार बता कर आपसी अपनत्व की भावना का परिचय दिया। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश श्री आप्टे द्वारा सभा को संबोधित करते हुए अभिभाषक संघ के सदस्यों की कार्यशैली और उनके व्यवहार की प्रशंसा की और सारंगपुर से स्वयं का पुराना जुडाव होना बताया। साथ ही उन्होंने भारतीय न्याय व्यवस्था पर लोगो के विश्वास होने और न्यायालयों द्वारा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को न्याय दिलाने में सभी की भूमिका की सराहना की।

---

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर प्रदेश और परिवार का नाम रोशन करें : टेटवाल

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहनयादवजी के सौजन्य से विद्यालय की छात्राओं को निःशुल्क 33 साइकिलों का वितरण किया गया, ताकि वे सरलता से स्कूल पहुँच सकें और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर प्रदेश और परिवार का नाम रोशन करें। यह बात जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पांदा के शासकीय स्कूली की 33 छात्राओं को निश्शुल्क साइकिल वितरित करते हुए मप्र शासन के राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कही। उन्होंने कहा कि आज विधानसभा सारंगपुर के शासकीय हाई स्कूल पांदा में बेटी-बेटों द्वारा भव्य स्वागत एवं आत्मीय अभिनंदन प्राप्त हुआ। इस सम्मान और स्नेह के लिए मैं हृदय से धन्यवाद प्रकट करता हूँ। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में शिक्षा एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं समस्त ग्रामवासी अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सार्थक और सफल बनाया। हम आप को यह विश्वास दिलाते है कि हमारी सरकार सशक्त बेटियाँ, समृद्ध भविष्य लक्ष्य के साथ काम कर रही है।

---

# बच्चों का क्लास वर्क, होम वर्क सभी की नियमित जांच हो

### शैक्षणिक गुणवत्ता को परखने निकले विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने दिए निर्देश

**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

सारंगपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शनिवार को ब्लाक के विभिन्ना सरकारी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीइओ ने शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चल रही स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता, छात्रों व शिक्षकों की उपस्थिति, विद्युत आपूर्ति व पंखों की स्थिति, पेयजल की स्थिति, पुस्तक वितरण की स्थिति, शौचालय की सफाई व परिसर की स्वच्छता आदि का जायजा लिया। उन्होंने माध्यमिक विद्यालय हालुहेडी कला, माध्यमिक विद्यालय सरेड़ी एवं हालुहेडी खुर्द सहित कई अन्य



विद्यालयों में के निरीक्षण के दौरान भौतिक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक विद्यालय में शिक्षण कार्य करते हुए पाये गये। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रत्येक वर्ग कक्ष में पठन-पाठन व परीक्षा की जांच की। शिक्षण विधि को रोचक बनाने की सलाह दी, ताकि बच्चे कनेक्ट रहें। इस दौरान उन्होंने स्वयं क्लास लेते हुए बच्चों से कई सवाल भी पूछे व बच्चों के साथ अपना अनुभव भी साझा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन का भी जायजा लिया और देखा की मेन्यू के अनुसार किए जा रहे है या नही। वहीं विद्यालय प्रबंधन से बातचीत करते हुए बीइओ श्री विरमाल ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया कि चाहे बच्चों का क्लास वर्क या होम वर्क हो, सभी की नियमित जांच होनी चाहिए व कॉपी पर लाल कलर की कलम से रिमार्क्स दें। यदि विद्यार्थियों ने सवाल सही बनाये हों तो उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अच्छा व बहुत अच्छा अवश्य लिखें।

---

### परंपरा : सावन में नहीं दिखाई देती महिलाओं की टोली

# दिखने लगा आधुनिक सावन, पेड़ों से गायब हुए झूले

**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

किसी समय पर सावन मास के आनंद की जो अनुभूति देखने को मिलती थी वह अब नजर नहीं आती है। वर्तमान समय के संग अब धीरे धीरे सावन के गीत विलुप्त होते जा रहे हैं। हर साल सावन आता है, घनघोर घटाएं छाती लेकिन पेडों पर झूले नजर नहीं आते। न ही कजरी की मीठी तान सुनाई पडती है, क्योंकि अब सब आधुनिक हो गया है।

ग्रामीण इलाकों में न तो पहले की तरह बाग रहे न ही झूला पसंद करने वालीं युवतियां और महिलाएं। अब तो हालत ये है कि नवविवाहित महिलाएं भी सावन में अपने मायके नहीं आतीं। इसलिए न तो विरह के गीत सुनाई पडते हैं और ना ही झूलों को सावन के आने का इंतजार रहता है।



**कजरी गीत कराते थे सावन की अनुभूति :** लगभग दो दशक पहले तक जब गांव से कजरी के गीत कानों में गूंजने लगते थे, तो सावन मास के आने का अहसास हो जाता था। युवतियां और महिलाएं मेहंदी रचाकर, कजरी गीत गाकर झूला झूलती थीं। विवाहित महिलाएं सावन की शुरूआत में ही पीहर आ जाती थीं। महिलाओं का कहना है की उस समय लगभग हर मोहल्ले में एक न एक पेड तो ऐसा होता ही था जहां झूला पड जाता था। सामान्य तौर पर झूला नीम और आम के पेड पर डाला जाता था। लेकिन अब धीरे-धीरे पेड भी घटते जा रहे और लोगों के मन का रोमांच भी खत्म हो गया है। अब जो पेड है भी उन पर झूले नहीं पड सकते।

---

**संपादकीय**

# एक और भगदड़...



**हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में एक अफवाह ने कई जानें ले लीं। किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा।**

**एक साल में कई हादसे :** पिछले एक साल पर नजर दौड़ाएं तो इस तरह के कई दुखद हादसे हो चुके हैं। पिछले साल जुलाई में ही हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। वहां आयोजक भीड़ को नहीं संभाल पाए। इस साल जनवरी की शुरूआत में तिरुपति मंदिर में टोकन लेने के लिए हद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गए और पुलिस उनको काबू नहीं कर सकी। भगदड़ मची तो 6 लोगों की जान चली गई। इसी साल, मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में और उसके बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी हादसा हुआ।

**क्राउड मैनेजमेंट:** धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हमेशा से बड़ी चुनौती रहा है। अनुमान से ज्यादा लोग जब एक जगह जुट जाते हैं, तब हल्की-सी भी चूक जानलेवा बन सकती है। इन सारे मामलों में यही वजह रही - कोई अफवाह, भीड़ का अनियंत्रित हो जाना और निकलने की जगह न मिलना। किसी भी बड़े आयोजन का सबसे अहम हिस्सा है क्राउड मैनेजमेंट। जरूरी नहीं है कि भीड़ के बारे में लगाया गया अनुमान हमेशा सही साबित हो। ऐसे में रियल टाइम मॉनिटरिंग अहम हो जाती है, जिससे स्थिति के हिसाब से तुरंत निर्णय लिया जा सके।

**धार्मिक स्थलों पर अव्यवस्था:** इस तरह की कोई दुर्घटना होने की सूरत में बचाव की योजना पहले से तैयार रहनी चाहिए। लेकिन, देखा गया है कि ज्यादातर मौकों पर पहले से की गई प्लानिंग बेकार हो गई, क्योंकि इंतजाम नाकाफी थे। तमाम धार्मिक स्थलों पर फैली अव्यवस्था को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिसलन भरे रास्ते, संकरी जगह, आने-जाने का एक ही मार्ग जैसी बातें लगभग हर जगह देखने को मिल जाएंगी। ऐसे में जब किसी खास मौके पर भीड़ बढ़ती है तो स्वाभाविक ही हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है, जैसा सावन पर मनसा देवी में हुआ।

**समन्वय और जागरूकता:** बेंगलुरु में आरसीबी के इवेंट में हुए हादसे के बाद कर्नाटक सरकार क्राउड कंट्रोल पर एक बिल लेकर आई है, जिसमें जिम्मेदारियां तय की गई हैं। ऐसे कानून की हर जगह जरूरत है। साथ ही, ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए आयोजकों, पुलिस-प्रशासन और जनता को समन्वय में काम करना होगा। बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता की जरूरत है, जिससे लोगों को बताया जा सके कि भीड़ के बीच उन्हें किस तरह का व्यवहार करना है।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में लव जिहाद का मामला

# जिम ट्रेनर के मोबाइल से निकली हिंदू लड़कियों की अश्लील फाइलें

गुड इवनिंग, इंदौर

*शहर के जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई जब राजमहल कॉलोनी में रहवासियों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक संदिग्ध युवक को पकड़कर उसकी पोल खोल दी। युवक पहले खुद को यश तोमर बताकर हिन्दू बताने की कोशिश कर रहा था, लेकिन जैसे-जैसे पूछताछ गहराई, उसका असली नाम नाजिम खान सामने आ गया, जो गुलजार कॉलोनी का रहने वाला निकला।*






**नाम छुपाकर बना रहा था संबंध, दो शादियों की पोल खुली**-जानकारी के अनुसार, नाजिम खान पिछले एक साल से एक हिन्दू युवती के संपर्क में था और खुद को यश तोमर नाम से परिचित कराकर उसके साथ संबंध बना रहा था। जब मौके पर मौजूद लोगों ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने न सिर्फ अपना असली नाम बताया बल्कि यह भी खुलासा हुआ कि उसकी पहले से दो शादियां हो चुकी हैं। मौके पर युवक का मोबाइल फोन चेक किया गया तो उसमें कई हिन्दू युवतियों के अश्लील फोटो और वीडियो बरामद हुए। यह देख बजरंग दल कार्यकर्ताओं और रहवासियों का गुस्सा और भड़क गया। माना जा रहा है कि इन फोटो-वीडियो का इस्तेमाल युवतियों को ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करने के लिए किया जाता था।

**जिहादियों' को बख्शा नहीं जाएगा**- बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि हिन्दू बेटियों को फंसाने वाले जिहादियों के खिलाफ संगठन अब और भी सख्त रुख अपनाएगा। दल ने मांग की है कि नाजिम खान पर आईटी एक्ट, बलात्कार, और धार्मिक छल का मामला दर्ज कर सख्त सजा दी जाए।

## क्रॉसफिट जिम में देता था ट्रेनिंग, करता था गंदे काम

नाजिम खान पेशे से क्रॉसफिट जिम ट्रेनर है। सूत्रों के अनुसार, वह हिन्दू युवतियों को घर पर पर्सनल ट्रेनिंग देने के नाम पर बुलाता था और फिर उनके साथ अनैतिक हरकतें करता था। जिम में आने वाली लड़कियों को भी वह अपने जाल में फंसाता और फिर धर्म छिपाकर रिलेशन बनाता, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता। स्थानीय लोगों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं बल्कि लव जिहाद की एक गहरी साजिश है। नाजिम खान सुनियोजित तरीके से हिंदू लड़कियों को टारगेट करता, फर्जी नाम से पहचान बनाता, और फिर ब्लैकमेल कर उनके जीवन को तबाह कर देता। जब इस गंभीर मामले पर जूनी इंदौर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि रहवासियों और बजरंग दल ने युवक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उस पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की जा सकती है। लेकिन मामले में युवती ने कोई शिकायत नहीं दर्ज करवाई हैं।

# तांत्रिक बनकर की व्यापारियों से ठगी

- टोपी- ईरानी गैंग ने शहर में दो जगह की फिर से वारदात
- पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर शुरू की बदमाशों की तलाश

गुड इवनिंग, इंदौर

ईरानी गैंग ने फिर दो व्यापारियों से ठगी की। पलासिया और द्वारकापुरी में खुद को पुलिसकर्मी और तांत्रिक बताकर सोने की अंगूठियां ले उड़े। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

महावीर बाग निवासी सोना-चांदी व्यापारी प्रकाशचंद्र जैन अपनी एक्टिवा से तिलक नगर जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार दो युवक उनके पीछे आए और उन्हें रोक लिया। दोनों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और कहा कि आगे चोरी की वारदात हुई है, इसलिए अपनी अंगूठियां रूमाल में बांधकर रख लें। प्रकाशचंद्र ने जैसे ही चार अंगूठियां रूमाल में रखीं, मोटे कद के युवक ने रूमाल ठीक से बांधने के बहाने उसे हाथ में ले लिया और बातों में उलझाकर अंगूठियां निकाल लीं। रूमाल जेब में रखकर दोनों आरोपी वहां से चले गए। कुछ देर बाद जब रूमाल देखा गया तो उसमें अंगूठियां नहीं थीं। दूसरी वारदात द्वारकापुरी में टी कंपनी चलाने वाले व्यापारी अनुराग जैन के साथ हुई। एक युवक दुकान पर चायपत्ती लेने के बहाने आया और तांत्रिक व पूजा-पाठ की बातें करने लगा। उसने अनुराग से कहा कि दोनों हाथों की अंगूठियां पर्स में 100 रुपए के साथ रख दें। ठग ने गल्ला खुलवाकर खुद ही अंगूठियां रखने की बात कही और फिर गल्ला बंद कर दुकान से चला गया। कुछ देर बाद जब अनुराग ने गल्ला देखा तो अंगूठियां गायब थीं। शनिवार को उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**पहले भी कर चुके हैं वारदात**-पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों वारदातों में शामिल आरोपी ईरानी गैंग के सदस्य हैं। इससे पहले भी ये आरोपी एरोड्रम और द्वारकापुरी क्षेत्र में बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बना चुके हैं। पलासिया और द्वारकापुरी पुलिस ने पीड़ितों को सीसीटीवी फुटेज दिखाए, जिनमें आरोपियों की पहचान की गई। फिलहाल पुलिस कंट्रोल रूम से एडवाइजरी जारी कर दी गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## यात्री बस ने मारी टक्कर, युवक घायल

**इंदौर।** सरवटे बस स्टैंड पर एक यात्री बस के चालक ने युवक को टक्कर मार दी। बस का पहिया युवक के पैर पर चढ गया जिससे वह घायल हो गया। थाना छोटी ग्वालटोली पुलिस के मुताबिक हादसा सरवटे बस स्टैंड पर भोपाल गेट के समीप हुआ। घायल का नाम कांतिलाल पिता मदनलाल भगत निवासी स्नेहलतागंज है। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने बस क्रमांक एमएच 05 एजेड 5055 के चालक पर केस दर्ज किया गया है। घायल ने पुलिस को बताया कि आरोपी बस चालक ने बलस को तेज गति और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मुझे पीछे से टक्कर मार दी। इससे मैं गिर पड़ा और बस का अगला पहिया मेरे बाएं पैर पर चढ गया। हाथ में भी चोट आई।

## पारिवारिक विवाद में सिर फोड़ दिया

**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में पानी भरने को लेकर हुए विवाद के चलते महिला आरोपी ने युवक के सिर पर कांच की बोतल दे मारी। जिससे चोट लगकर उसके सिर से खून बहने लगा। थाना लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घायल का नाम निरंजनपुर निवासी छोटू पिता राजू लहरी है। उसकी शिकायत पर भाभी जयमाला के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि पानी भरने की बात को लेकर मेरी भाभी जयमाला ने मुझे गालियां दी। मैंने गाली देने से मना किया तो उसने वहीं रखी एक कांच की बोतल उठाकर मेरे सिर पर मार दी। इससे सिर में चोट आई। भाभी ने धमकाया कि आज तो बबच गया है आइंदा पानी भरने का मना किया तो जान से खत्म कर दूंगी।

## युवक के साथ मारपीट

**इंदौर।** चंदननगर इलाके में पुराने विवाद को लेकर युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी कासिम पिता अब्दुल रशीद निवासी सहयोग नगर की शिकायत पर रमजान शाह के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं व मेरा दोस्त आसिफ खान हम दोनों गणेश नगर में मोईन कादरी की किराना दुकान पर मोबाइल फोन पर गेम खेल रहे थे। तभी वहां रमजान शाह भी आ गया। उससे हमारा पुराना विवाद है और मामला कोर्ट में चल रहा है। आरोपी ने पुराने विवाद की बात को लेकर गालियां दी। मैंने गालियां देने से मना किया तो उसने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

# सीज गाड़ी लेने के बहाने बुलाया और चाकू से गोदा

गुड इवनिंग, इंदौर

न्यू पलासिया इलाके में दो आरोपियों ने एख युवक को सीज की गई गाड़ी लेने के बहाने बुलाया और उस पर चाकू से कई वार कर दिए। युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



थाना तुकोगंज पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की वारदात न्यू पलासिया में वस्टर्न कापोर्रेट के पास हुई। घायल का नाम मुजफ्फर पिता अकरम खान (30) निवासी सीआरपी लाइन एमजीएम कालेज के पास है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी आकाश वर्मा,मोइन खान निवासी मुराई मोहल्ला,छावनी और अन्य साथियों के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मेरे पास आरोपी आकाश वर्मा मोबाइल फोन पर कॉल आया था। उसने कहा कि तेरी सीज की गाड़ी एमपी 09 डीके 5286 आकर ले जा। मैंने उक्त गाड़ी के 28 हजार रुपए ऑनलाइन और नकद उसे चुका था जब मैं आकाश वर्मा के कहे अनुसार वेस्टर्न कापरेट बिल्डिंग मांगीलाल दूधवाले के समीप पहुंचा तो आरोपी आकाश नीचे ही खड़ा मेरा इंतजार कर रहा था, जैसे ही मैं वहां पहुंचा तो उसने गालियां देना शुरू कर दिया तभी एकदम से पीछे से एख व्यक्ति ने आकर मुझे पकड़ लिया। मैंने खुद को छुड़ाने का प्रयास किया। जिसने मुझे पकड़ा उसका नाम मोईन खान था वहीं आरोपियों के साथ एक और व्यक्ति था जिसका नाम मैं नहीं जानता। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से मुझ पर चाकू से कई वार कर दिए। हमले में चाकू पेट और हाथ में लगने से खून निकलने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। घायल को गंभीर चोट आने से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## महिला का पर्स चुराया

**इंदौर।** क्षिप्रा इलाके में अज्ञात बदमाश ने एक महिला का पर्स चुरा लिया। पुलिस के मुताबिक घटना फरियादी नीति पति मेजर राहुल रेड्ड़ी निवासी भोपाल के साथ हुई। घटना स्थल क्षिप्रा ब्रिज एबी रोड बताया गया है। पर्स में पेनकार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस,सीएसडी आर्मी केंटीन कार्ड,पुरानी घड़ी और 12 हजार रूपए रखे थे। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## सोने की रकम ले गया बदमाश

**इंदौर।** द्वारकापुरी क्षेत्र में एक सराफा दुकान से अज्ञात बदमाश सोने की दो अंगूठियां चुरा ले गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक चोरी की वारदात 60 फीट रोड पर अंकल गली में स्थित दुकान में हुई। पुलिस ने फरियादी अनुराग पिता अशोक कुमार जैन निवासी स्कीम नंबर 71 की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# कंपनी कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

गुड इवनिंग, इंदौर

एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। युवक मैकेनिकल कंपनी में कर्मचारी था। जब उसकी पत्नी रात को घर लौटी और दरवाजा खटखटाया, तो कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर जब रोशनदान से अंदर झांका गया, तो युवक फंदे पर लटका मिला।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 23 वर्षीय सुधांशु परमार पुत्र निर्भय सिंह परमार निवासी शुभम पैलेस, एरोड्रम के रूप में हुई है। वह एक मैकेनिकल कंपनी में कार्यरत था। शव को उसका दोस्त पंकज और छोटा भाई हिमांशु रात करीब 11 बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे।

परिवार से मिली जानकारी के अनुसार सुधांशु कंपनी से घर लौटा था। उसने अपने भाई हिमांशु के साथ बैठकर नाश्ता किया और फिर कमरे में सोने चला गया। हिमांशु ने बताया कि सुधांशु को ड्यूटी के बाद आराम करने की आदत थी। सुधांशु की पत्नी और मां उस समय उज्जैन में एक पारिवारिक कार्यक्रम में गए हुए थे। रात करीब 9 बजे जब दोनों घर लौटे तो पत्नी ने दरवाजा खटखटाया। काफी देर तक अंदर से कोई जवाब नहीं मिला, न ही फोन उठाया गया। जब रोशनदान से झांका तो वह फंदे पर लटका मिला। हिमांशु ने बताया कि भाई की शादी दिसंबर 2024 में हुई थी। पिता टेलरिंग का काम करते हैं, और वह स्वयं भी एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि सुधांशु पर किसी प्रकार का कर्ज नहीं था और न ही वह किसी तनाव में नजर आ रहा था। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, और मोबाइल फोन से भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। एरोड्रम पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। परिजनों के बयान और मोबाइल डेटा की जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# घर जा रहे बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

गुड इवनिंग, इंदौर

सिमरोल रोड पर हुए एक सडक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका फूफेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का अस्पताल में इलाज जारी है। दोनों युवक इंदौर से अपने घर खातेगांव जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




**सिमरोल रोड पर हुआ हादसा,भाई गंभीर रूप से घायल**

सिमरोल पुलिस के अनुसार, हादसे में 20 वर्षीय हुकुम पुत्र दिनेश मंसोरे, निवासी खातेगांव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी बुआ का बेटा मनीष इस हादसे में घायल हो गया। हादसा ग्राम चोरल के पास हुआ, जब एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। दोनों युवक बाइक से इंदौर से खातेगांव के लिए निकले थे। रास्ते में चोरल के पास यह हादसा हो गया। हुकुम सिंगापुर टाउनशिप में किराए से रह रहा था, जबकि मनीष ओमेक्स सिटी में रहता है। परिजनों ने बताया कि हुकुम इंदौर के तलावली क्षेत्र स्थित आइरिस पार्क में एक सिक्योरिटी एजेंसी में काम करता था। वह करीब 5 महीने पहले काम के सिलसिले में इंदौर आया था। हुकुम के पिता दिनेश मंसोरे छोटे किसान हैं। परिवार में एक छोटा बेटा और भी है, जो पढ़ाई कर रहा है। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन रविवार सुबह इंदौर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद हुकुम का शव परिजन खातेगांव ले गए

एमडी ड्रग्स की तस्करी में पहले भी गिरफ्तार हो चुका दूसरा बेटा

# क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आए आरोपी का पूरा कुनबा ही अपराधी

गुड इवनिंग, इंदौर

क्राइम ब्रांच ने जिस माज खान को मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में रोककर उसकी कार की तलाशी ली उस माज को अब उस मामले में बचाने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल माज का पिता नेता है और वह अपने राजनैतिक रसूख का इस्तेमाल कर उसे बचाने में लगा है लेकिन कमाल का पूरा कुनबा ही आपराधिक है। माज के अलावा उसका एक और बेटा भी एमडी ड्रग्स की तस्करी में पूर्व में गिरफ्तार हो चुका है। हालांकि माज पर अभी केवल पुलिसकर्मी पर गाड़ी चढ़ाने के मामले में हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

दरअसल पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को सूचना मिली थी कि बदमाश माज खान एक युवती के साथ ड्रग्स की डिलेवरी देने रीगल तिराहे की ओर जा रहा है। पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए जिसके बाद माज खान की कार को धेनु मार्केट के यहां क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मियों ने रोकने का प्रयास किया तो उसने प्रधान आरक्षक दीपर थापा पर कार चढा दी हालाकिं वह तो बच गए लेकिन उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। कार की तलाशी ली गई तो उसके हैशबोर्ड से संदिग्ध मादक पदार्थ सफेद पाउडर मिला। ये सफेद पाउडर नहीं बल्कि एमडी ड्रग्स थी लेकिन पुलिस ने राजनैतिक दबाव में इसे सफेद पाउडर बताया और कहा कि जांच के लिए लैब भेजा है केवल प्राणघातक हमले की धाराओं में माज पर तुकोगंज थाने में प्रकरण दर्ज किया गया। रविवार को तुकोगंज पुलिस ने माज को न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगा तो न्यायालय ने एक दिन के रिमांड पर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। अब उससे पूछताछ की जा रही है।

**70 करोड़ की एमडी में पकड़ाया था बिलाल**- कमाल का कनुबा आपराधिक प्रवृत्ति का है ये हम नहीं बल्कि पुलिसया रिकार्ड खुद उसकी हकीकत बयां कर रहा है। 70 करोड़ की एमडी ड्रग्स के मामले में कमाल के बेटे बिलाल खान की भी गिरफ्तारी हुई थी। क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2021 में आईपीसी में केस दर्ज कर करीब 39 लोगों को जेल भेजा था। इनमें कई गुंडे और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग भी शामिल थे। हालाकिं बिलाल खान को भई आरोपी बनाकर दो हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। इसी मामले में माज के खास गुर्गे अमित विलासराव ब्रजविहार कालोनी राउ, लक्की दिनेश बागड़ी जूनी इंदौरर और शहबाज पिता अनवर खान निवासी बड़वाली चौकी को भई 29 दिसंबर 2021 को जेल भेजा था।

**सबकुछ स्पष्ट तो अफसर क्यों है मौन?**- जब पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर कार्रवाई हुई और कार में मादक पदार्थ मिला तो क्राइम ब्रांच अन्य केस से हटकर इस मामले में क्यों जांच कर रही है। आम तस्करों के मामलों में तो तुरंत एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर लिया जाता है लेकिन यहां अफसर मौन है। माज के मामले में उन पर दबाव है तभी तो एफआईआर में सफेद पाउडर मिलने का तो जिक्र है जांच रिपोर्ट के बाद पुलिस अधिकारी कर रहे हैं।

## विवादों से रहा है नाता

माज का विवादों से पुराना नाता रहा है। पिता कमाल खान के पद की खनक उस पर हमेशा रही है। आम हो या खाश वह अक्सर लोगों को उस बूते धमकाता रहता है। पूर्व में राजबाड़ा पर नगर निगम अधिकारी लता अग्रवाल के सामने गर्दन काटने की धमकी दी थी। नीलकंठ कालोनी में पिस्टल दिखाने में नाम सामने आया था और केस दर्ज हो गया था। तब रहवासियों ने पोस्टर तक लगा दिए थे कि इसे जो भी बचा रहै है वो गलत कर रहा है। छत्रीपुरा थाने में भी माज के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। छत्रीबाग में झंडावंदन कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता ललित पोरवाल कमाल खान को साथ ले गए थे। इस बात पर हिंदू संगठन ने हंगामा किया था। बाद में माज ने अपने साथियों के साथ हमला किया था रिपोर्ट थाने में लिखाई गई थी।

## थाने में किया हंगामा

क्राइम ब्रांच थाने में गिरफ्तारी के बाद माज ने जमकर हंगामा किया और पुलिसकर्मियों से भी हुज्जत की। उसकी गिरें बां पर पुलिस के हाथ पहुंचे तो अफसरों के फोन घनघनाने लगे। हालाकिं पुलिस ने अभी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज नहीं किया लेकिन पुलिसकर्मी पर गाड़ी चढाने के मामले में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया,ऐसे में रिमांड खत्म होते ही माज की जेल यात्रा तय है।

## जांच कर रहे हैं

तुकोगंज थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव का कहना है कि माज को हत्या के प्रयास के प्रकरण में एक दिन के रिमांड पर लिया है वहीं कार में मिले सफेद पाउडर को जांच के लिए लैब भेजा गया है रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी वहीं उसके साथ कार में मौजूद युवती को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोन: 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिर्राज सिकरवार,** स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।